



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 299 | ग्वालियर, शनिवार 19 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष का ऐलान

## अमेठी से स्मृति ईरानी को चुनौती देंगे राहुल गांधी

**अमेठी।** देश में अगले साल लोकसभा चुनाव 2024 होने वाले हैं. इस चुनाव में एनडीए और विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है. इस बार देश के सबसे बड़े सूबों में से एक उत्तर प्रदेश में किस पार्टी के पाले में कितनी सीटें जाएंगी, इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति तैयार कर रही हैं. अमेठी लोकसभा सीट में कौन बाजी मारेगा इसे लेकर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है.



उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को बड़ी घोषणा की है. उन्होंने कहा कि अमेठी से एक बार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे. इस बार वे अमेठी की वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को कड़ी चुनौती देंगे. साथ ही अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जहां से मन होगा वो वहीं से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी. उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को दिल्ली से अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे. इस दौरान सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इस दौरान अजय राय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे. प्रियंका गांधी वाड्रा चाहें तो वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं, हमारा एक एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लगा देगा.

## भाजपा का मिशन बिहार : सहयोगियों का फिक्स किया कोटा, अपने सांसदों को दिया यह निर्देश

**नई दिल्ली।** भाजपा ने 2024 के लोक सभा चुनाव में नीतीश-तेजस्वी-कांग्रेस और अन्य दलों के महागठबंधन को मात देने के लिए मिशन बिहार का अपना ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। इस ब्लू प्रिंट के तहत जहां एक तरफ भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को दी जाने वाली लोकसभा की सीटों का कोटा फिक्स कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ अपनी पार्टी के सांसदों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर डट जाने का निर्देश दिया है।

भाजपा ने इसके साथ ही छोटे-छोटे सहयोगी दलों और अपने खास नेताओं के बल पर बिहार के जातीय समीकरण को साधते हुए कुशवाहा, निषाद, दलित और महादलित मतदाताओं के साथ ही नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के सबसे मजबूत वोट बैंक माने जाने वाले अति पिछ?ा समाज के कुर्मी और कोइरी वोटरों को भी लुभाने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। भाजपा न केवल नीतीश कुमार के वोट बैंक को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है बल्कि उनके सांसदों पर भी भाजपा की नजरें बनी हुई है। सूत्रों की माने तो, भाजपा इस बार बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 31 सीटों पर स्वयं लड़ने की तैयारी कर रही है और अपने गठबंधन के सहयोगी दलों को 9 सीट देने का प्लान बना चुकी है। भाजपा केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की पार्टी रालोजपा और हाल ही में फिर से एनडीए गठबंधन के साथ जुड़े चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास), दोनों दलों को मिलाकर सिर्फ छह



सीटें ही देने के मूड में है। बताया जा रहा है कि चाचा और भतीजे दोनों को यह संकेत दे दिया गया है कि वे हाजीपुर लोकसभा सीट सहित अपने सभी विवादित मुद्दों को सुलझा लें। भाजपा इस बार फिर से साथ आए उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोजद को इस बार सिर्फ दो लोकसभा सीट ही देने के मूड में है और अगर हम के जीतन राम मांझी लोकसभा सीट को लेकर अड़े रहे तो भाजपा उनके या उनके बेटे के लिए सिर्फ एक सीट देने को तैयार है। वीआईपी के मुकेश सहनी के भी फिर से एनडीए गठबंधन में वापसी के दरवाजे अभी पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। वहीं, इसके साथ ही भाजपा ने अपने वर्तमान सांसदों को भी अपने-अपने संसदीय इलाकों में जाकर टिक जाने का निर्देश दे दिया है। पार्टी ने सांसदों को सख्त हिदायत दी है कि आधिकारिक काम के बिना वे अनावश्यक रूप से न तो दिल्ली आएं और न ही अपने संसदीय क्षेत्र को छोड़कर कहीं और जाएं। ऐसा नहीं करने वाले सांसदों का पार्टी टिकट तक काटने की चेतावनी दे चुकी है। यह माना जा रहा है कि पार्टी इस बार अपने 2-3 सांसदों का टिकट काट सकती है या उनके संसदीय क्षेत्र में बदलाव भी कर सकती है। पार्टी बिहार की मुस्लिम बहुल सीटों पर भी ज्यादा ध्यान दे रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जहां एक तरफ नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास लगातार जारी है तो वहीं अपने सहयोगियों पासवान, मांझी और कुशवाहा के समर्थन के अलावा जेडीयू के कुछ सांसदों को भाजपा में शामिल कराकर जातीय गणित को भी साधने की योजना बना ली गई है। बता दें कि भाजपा ने सैद्धांतिक रूप से यह भी फैसला किया है कि इस बार एनडीए गठबंधन के सहयोगियों को भी उनके उम्मीदवार की जीत पाने की संभावना के आधार पर ही सीटें दी जाएगी और अगर किसी सहयोगी के पास जीतने वाले उम्मीदवार नहीं हुए तो फिर भाजपा अपने नेता को उस सहयोगी दल के बैनर तले लड़ा सकती है।

## हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी है. इसी बीच भारत मौसम विज्ञान ने देश के कई राज्यों में बारिश की आशंका जताई है. इसी के साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की वापसी के बीच देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है. विभाग के मुताबिक, पूर्वोत्तर समेत देश के कई इलाकों में अगले चार से पांच दिनों तक भारी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है. आईएमडी के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान असम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और अंडमान-निकोवार द्वीप समूह के कुछ इलाकों में बारिश होने की पूरी संभावना है. इस दौरान यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. यहां 20 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रह सकता है. इसके अलावा मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ के अलावा विदर्भ के क्षेत्रों में 17 से 20 अगस?त तक बारिश होने की संभावना बनी हुई है. उधर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मानसूनी बारिश का दौर जारी है. दोनों राज्यों में बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है. बारिश के चलते यहां भूस्खलन की लगातार खबरें सामने आ रही हैं. मौसम विभाग के मुताबिक, उत?तराखंड और हिमाचल के कुछ इलाकों में आज भी भारी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है. इसके साथ ही विभाग ने इन राज्यों में तूफान की भी चेतावनी जारी की है. विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, कोंकण और गोवा समेत मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात के भी कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है. राजस्थान में अगस्त के महीने में मानसूनी बारिश बेहद कम हुई है. हालांकि, अब मौसम विभाग ने राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों तक पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों के अलावा भरतपुर, जयपुर, और जोधपुर में बारिश होने की संभावना है. इसी तरह दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ तटीय इलाकों में भी बारिश होने की आशंका है. मौसम विभाग के मुताबिक, तमिलनाडु में अगले दो दिन तक बारिश होने की संभावना है.

## पांच मंजिला मकान बनने से आई पड़ोसी के घर में दरार, दहशत में बुजुर्ग की मौत, एक गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में शुक्रवार को एक बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद उनके परिजनों ने शव को पार्थला गोल चक्कर में सिग्नेचर ब्रिज के नीचे रखकर दोनों तरफ की रोड को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इस प्रदर्शन की वजह थी, मृतक के घर के बगल में बन रहा 5 मंजिला मकान। आरोप है कि इस पांच मंजिला मकान को अवैध रूप से बनाया जा रहा था। जिसके चलते पड़ोस में मृतक के घर में दरारें आ गई थी। दहशत के चलते 65 वर्षीय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस ने मकान बनाने के नियमों के बारे में नोएडा अथॉरिटी को भी पत्र भेजा है और जांच करने की बात की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम



पर्थला खंजरपुर में सुभाष नामक शख्स पांच मंजिल मकान का निर्माण करा रहा था। जिससे संजय का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी विवाद को देखते हुए दोनो पक्षों में 18 अप्रैल को भी झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने बताया है कि सुभाष के पांच मंजिला निर्माण की जांच के लिए थाना सेक्टर 113 से नोएडा विकास प्राधिकरण को रिपोर्ट प्रेषित की गई। जिसके आधार पर सुभाष यादव में खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उसकी गिरफ्तारी की गई है। शुक्रवार को संजय यादव के पिता राजाराम यादव (65) वर्ष की मृत्यु हो गई। जिसे लेकर संजय यादव का आरोप है कि उनके पिता राजाराम यादव की मृत्यु आरोपी सुभाष यादव द्वारा अपने पांच मंजिला मकान के निर्माण से उनके घर में आई दरार के कारण हुई है। इस मामले में पुलिस ने सुभाष, पुत्र शेर सिंह, निवासी ग्राम पर्थला, थाना सेक्टर 113, को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों का आरोप है लगातार पुलिस चौकी और प्राधिकरण से शिकायत करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी गई। मौके पर एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए ग्रामीणों की बात को सुना और रास्ते को खुलवा दिया। एडीसीपी ने बताया कि ये मामला दो पड़ोसियों के विवाद से संबंधित है। मृतक परिवार के परिजनों की ओर से पहले ही शिकायत दी गई थी। जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर दूसरे पक्ष के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कुलगाम में निजी सुरक्षा गार्ड ने चिकित्सा अधीक्षक के अकाउंट से 33 लाख रुपये निकाले



**जम्मू-कश्मीर।** श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के आधिकारिक अकाउंट से 33 लाख रुपये निकालने के आरोप में एक निजी सुरक्षाकर्मी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक सुरक्षा गार्ड ने कुलगाम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के आधिकारिक अकाउंट से धोखाधड़ी करके 33 लाख रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी सुरक्षा गार्ड की पहचान कुलगाम जिले के साउच इलाके के निवासी अब्दुल रशीद के बेटे गौहर अहमद ठोकर के रूप में हुई है। गौहर अक्सर चिकित्सा अधीक्षक के अकाउंट से रुपये निकालता था। गौहर पर धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। गौहर के खिलाफ एफआईआर नंबर 148/2023 के तहत धारा 467, 468 और 471 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि उसके कब्जे से सारे पैसे बरामद कर लिए गए हैं।

## तेलंगाना कांग्रेस को टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू हो गया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि आवेदन 18 अगस्त (शुक्रवार) से 25 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त होने और उनकी जांच के बाद पार्टी योग्य उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के बारे में एक सर्वेक्षण कराएगी। राज्य चुनाव समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के नाम स्क्रीनिंग कमेटी को भेजे जाएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी सूची का विश्लेषण करेगी और फ़िल्टर करने के बाद चयनित नामों को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी। यदि केंद्रीय चुनाव समिति भी उम्मीदवारों पर निर्णय लेने में असमर्थ है, तो नाम अंतिम निर्णय के लिए कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) को भेजे जाएंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) को भी आवेदन जमा करना होगा। आवेदन शुल्क 50,000 रुपये निर्धारित किया गया है। हालांकि, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क




25,000 रुपये है। एक सवाल के जवाब में टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि चुनावी गठबंधन का फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। कांग्रेस पार्टी ने इस महीने की शुरुआत में तेलंगाना के लिए एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया था। केरल के वरिष्ठ सांसद के. मुरलीधरन की अध्यक्षता में टीम ने 14 अगस्त को हैदराबाद में अपनी पहली बैठक की थी। स्क्रीनिंग कमेटी के दो सदस्य- महाराष्ट्र के पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी और गुजरात विधायक जिग्नेश मेवाणी भी बैठक में शामिल हुए थे। पिछले महीने, कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना के लिए 26 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया था, जिसके अध्यक्ष राज्य इकाई प्रमुख रेवंत रेड्डी थे। पैनल में भट्टी विक्रमरका मल्लू, एमएलसी थाटीपार्थी जीवन रेड्डी, बोम्मा महेश कुमार गौड़, जग्गा रेड्डी, जे गीता रेड्डी, पूर्व सांसद मोहम्मद अज़हरुद्दीन, वी हनुमंत राव, पोन्नला लक्ष्मैया, सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी और कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी शामिल हैं। तेलंगाना में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2018 में हुए पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 119 सदस्यीय विधानसभा में 18 सीटें जीती थीं। चुनाव के कुछ महीनों बाद, एक दर्जन विधायक सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल हो गए थे। एक अन्य विधायक ने पिछले साल पार्टी बदल ली थी।

## बिहार में पत्रकार की हत्या पर सियासी उबाल, सम्राट चिराग ने नीतीश को घेरा

**पटना।** बिहार के अररिया में शुक्रवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की घर में घुसकर हत्या के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई। पत्रकार की हत्या को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार सियासी हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पत्रकार की हत्या पर दुख जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। बिहार में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए जोरदार तंज कसा। उन्होंने कहा कि बिहार में थानेदार और पत्रकार मारे जा रहे हैं और मुख्यमंत्री को यहां का अपराध दिखाई ही नहीं दे रहा।

## पीएम मोदी ने कहा - 2030 से पहले टीबी जीत हासिल करेगा भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लोगों की भागीदारी से 2030 की वैश्विक समय सीमा से पहले टीबी खत्म हो



जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि हमें भविष्य में आने वाली स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए भी तैयार रहना होगा। जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा हम 2030 से पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं। मोदी ने कहा कि हमने देश के लोगों से टीबी उन्मूलन के लिए नि-क्षय मित्र या मित्र बनने का आग्रह किया है। इसके तहत लगभग 1 मिलियन मरीजों को गोद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है, क्योंकि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। पीएम मोदी ने कोरोना वायरस महामारी को याद करते हुए लोगों से अपील की है कि वह भविष्य में आने वाली स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा, कोविड 19 के समय की तरह ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा, डिजिटल समाधान और नवाचार हमारे प्रयासों को न्यायसंगत व समावेशी बनाने के उपयोगी साधन हैं। यह आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।

## उपराज्यपाल ने केजरीवाल को पत्र लिखकर दिल्ली में बाढ़ के कारण गिनाये

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के बीच चल रही खींचतान के बीच उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर दिल्ली में पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ के कारण बताये हैं। एलजी ने अपने पत्र में कहा कि विशेषज्ञों और संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा किए गए विश्लेषण के आधार पर सरकार की खामियों को उजागर किया गया है। उपराज्यपाल ने वजीराबाद बैराज में डिस्चार्ज की गणना करने के लिए डीजेबी द्वारा रखी गई पुरानी और गलत स्तर-आधारित डिस्चार्ज कंप्यूटिंग तालिका की ओर इशारा किया।

केजरीवाल को संबोधित अपने पत्र में एलजी ने लिखा, हथनी कुंड से 8.28 लाख क्यूसेक का उच्चतम डिस्चार्ज 2019 में दर्ज किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप पुराने रेलवे ब्रिज (ओआरबी) पर यमुना में जल स्तर 206.6 मीटर के निशान को छू गया था। इस साल डिस्चार्ज केवल 3.59 लाख क्यूसेक था, फिर भी ओआरबी पर यमुना का स्तर 208.66 मीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली




में यमुना के 44 किमी में से वजीराबाद से ओखला तक 22 किमी के हिस्से में 18 प्रमुख रुकावटें हैं जिसके परिणामस्वरूप नदी में पानी का मुक्त प्रवाह बाधित हो गया है। पत्र में लिखा है कि पिछले कई वर्षों में यमुना में गाद के भारी संचय ने जल धारण क्षमता को 93 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप चरम निर्वहन के दौरान जल स्तर में असामान्य वृद्धि हुई है। उपराज्यपाल ने डीडीए की तर्ज पर दिल्ली में यमुना बाढ़ क्षेत्र के लिए एक स्थायी विभाग बनाने का सुझाव दिया है जिसके पर इस क्षेत्र का स्थायी स्वामित्व हो। उन्होंने कहा है कि अन्य हितधारक विभागों को इस नये विभाग के सहायक के रूप में काम करना चाहिये जिनके पास विशिष्ट जिम्मेदारियां हों। एलजी ने अलग-अलग 11 बिंदुओं में परिचालन और रखरखाव दक्षता बढ़ाने के लिए नियामक स्थानों पर सभी पंपिंग प्रतिष्ठानों को एक ही विभाग को सौंपने का सुझाव दिया। उपराज्यपाल ने सुझाव दिया, चौड़ाई, गहराई और ऊंचाई के संदर्भ में यमुना की हाइड्रोग्राफिक प्रोफाइल का पता लगाया जाए और पिछले 10 वर्षों से लंबित टिकाऊ डिसिल्टिंग/ड्रेजिंग को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। यमुना बाजार और अन्य निचले इलाकों के लिए एक अग्रिम बाढ़ प्रबंधन योजना बनाई जाए।

# प्रेम और भाईचारे के साथ-साथ नशा व जुआ से दूर रहने का दिया संदेश: महामंडलेश्वर महाराज

## करैरा ब्लॉक में समरसता के लिए निकाली जा रही स्नेह यात्रा

**पुष्पांजलि टुडे**
**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**

**करैरा** – जिले के करेरा विकासखंड में मप्र जन अभियान परिषद व मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में 16 अगस्त से 26 अगस्त तक 11 दिवसीय स्नेह यात्रा निकाली जा रही है यह यात्रा शोषित वंचित बस्तियों में निकाली जा रही है शुक्रवार सुबह 9 =30 बजे सिरसौना ग्राम से शुरू हुई,श्री श्री1008 महामंडलेश्वर महाराज पुरूषोत्तम महाराज जी का जनपद सीईओ ब्रह्मेद गुप्ता जी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उसके बाद यात्रा प्रारंभ हुई यात्रा का पहला ग्राम सिरसौना,बडोरा,रहरगंवा जुझाई तथा नया अमोला पहुंची,नया अमोला में भंजन संकीर्तन तथा जन संवाद हुआ, महाराज जी ने जन संवाद में बताया गया कि हमे ऊंच नीच का भेदभाव खत्म करना है तभी हम देश का विकास कर सकेंगें और भारत को विश्व गुरू बना सकते हैं उसके बाद नया अमोला पर दोहपर का भोजन हुआ फिर दोहपर के सत्र के बाद कलोथरा से



यात्रा शुरू हुई उसके बाद सिल्लारपुर,वनगवां,खैराघाट व अंत में डुमघना में यात्रा पहुंची। डुमघना आदिवासी वस्ती में जन संवाद किया गया है महाराज ने आपसी भाई चारा और प्रेम से रहने का संदेश दिया है और साथ ही लोगों से शराब व जुआ से दूर रहने की अपील भी की है उसके बाद उपस्थित सभी लोगों को खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया है उसकी बाद रात्रिभोज के बाद यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर राष्टीय कथा वाचक अजय शंकर भार्गव,जिला समन्वयक डॉ रीना शर्मा, जनपद सीईओ ब्रह्मेद गुप्ता,विकासखंड समन्वयक उपेंद्र दुबे, अभिलाषा शर्मा, महेश परिहार, योगपीठ से डॉ. वेदप्रकाश भार्गव, परामर्शदाता रवि भार्गव,दुर्ग सिंह लोधी, उपदेश बोहरे,पूजा शर्मा, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि ब्रजेश लोधी, जनेद्र योगी, उमेश भार्गव, रोहित तिवारी तथा प्रस्फुटन समिति सदस्य जगदीश जाटव, राकेश लोधी, अनिल लोधी, मनोज जाटव, संतोष लोधी, सुरेन्द्र सेन, सपना लोधी, नितेंद्र लोधी जन सेवा मित्र सहित ग्रामों के सरपंच व सचिव तथा ग्रामीण लोग उपस्थित थे।



## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

**अमित शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**चाचौड़ा।** विधानसभा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को माल्यार्पण कर सुभाष चंद्र बोस के बलिदान को याद किया इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि श्री रितु दमन सिंह सोलंकी मुन्ना दादा के साथ अन्य कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस के बलिदान दिवस को याद कर माल्यार्पण किया।

# शिवपुरी पुलिस की वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही जारी

## 5 साल पुराने मामले मे स्थाई वारंटी को पुलिस थाना देहात ने किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह द्वारा जिले मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आगामी




चुनावों के मद्देनजर समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि थाना क्षेत्र के स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराऐंगे एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु गुण्डे बदमासों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये कार्यवाही करेंगे । उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव के मार्गदर्शन में पुलिस थाना देहात द्वारा कार्यवाही करते हुये वर्ष 2018 के मामले मे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस थाना देहात पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना देहात का स्थाई वारंटी चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पुत्र सरवन आदिवासी उम्र 30 साल निवासी लुधावली शिवपुरी का शिवजी के मंदिर के पास खड़ा है । उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुये पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया गया । पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को आता देख भागने लगा जिसे पुलिस टीम की मदद से पकड़ा नाम पता पूछा तो अपना नाम चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पुत्र सरवन आदिवासी उम्र 30 साल निवासी लुधावली का होना बताया जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

# वरिष्ठता सहित पुरानी पेंशन के लिए संयुक्त मोर्चा 20 अगस्त को भोपाल में करेगा धरना प्रदर्शन: जनक सिंह रावत

## अध्यापक संपर्क से की अपील 20 अगस्त को पहुंचे शाहजहानी पार्क भोपाल

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेश भर में विगत दो माहों से संभागीय स्तर पर हो रहे सम्मेलनों के उपरांत भी सरकार द्वारा अध्यापक संवर्ग की 11 सूत्रीय लंबित मांगों पर आज दिनांक तक ध्यान नहीं देने के कारण प्रदेश के 3 लाख अध्यापक, शिक्षक संवर्ग ने सरकार से चुनावी समय में आर-पार के संघर्ष का मन बना लिया है । राज्य शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेश के अध्यापक शिक्षक 20 अगस्त को राजधानी भोपाल के शाहजहानी पार्क में एकजुट होकर शासन, सरकार से अपनी लंबित मांगें मनवाने के लिए आंदोलन का शंखनाद करेंगे। संयुक्त मोर्चा के पांच संगठन, शासकीय शिक्षक संगठन, आजाद अध्यापक शिक्षक



संघ, राज्य शिक्षक संघ,प्रांतीयशिक्षक संघ, राज्य शिक्षक कांग्रेस ने संयुक्त होकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विगत दो माहों से प्रदेश भर के संभागीय मुख्यालयों पर अध्यापक संवर्ग की लंबित मुख्य मांगे, सेवाअवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने, क्रमोन्नति, पदोन्नति, अनुकंपा नियमों में शिथिलीकरण, स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिमजाति कल्याण विभाग का आपस में मर्ज करने, वेतनमान की विसंगतियों का निराकरण, वरिष्ठता के साथ पुरानी परिवार पेंशन लागू करने को लेकर संभागीय सम्मेलनों के माध्यम से सरकार, शासन का ध्यान आकर्षित कराया। लेकिन प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के 3 लाख अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों से पंचायत तो दूर चर्चा करने हेतु समय भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं ऐसे में प्रदेश के 3 लाख अध्यापक शिक्षक संवर्ग को मजबूर होकर अपनी पीड़ा एवं समस्याओं से अवगत कराने हेतु धरना , प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ रहा है। 20 अगस्त के धरना, प्रदर्शन में अध्यापक शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की संयुक्त मोर्चा के राकेश दुबे, भरत पटेल, जगदीश यादव, मनोहर दुबे, राकेश नायक, राजीव पाठक उपेन्द्र कौशल, राकेश पाण्डेय, जनक सिंह रावत राकेश खरे नए प्रदेश के सभी कर्मचारियों से अपील की है भोपाल के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करा कर अपने हक अधिकार की लड़ाई में सहयोग करेंगे।

# हत्या के अपराध में आरोपी भूरा लोधी निवासी ग्राम हरीनगर थाना पिछोर को गिरफ्तार किया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर। भूरा लोधी ने माताटीला बगीचा में चौकीदार प्रदीप सेन की हत्या की थी। भूरा लोधी व प्रदीप सेन दोनों दोस्त थे व प्रतिदिन साथ-साथ शराब पीते थे। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई शिव सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने प्रदीप सेन की हत्या करने वाले आरोपी भूरा लोधी निवासी ग्राम हरी नगर को गिरफ्तार किया। दिनांक 3/8/23 को फरियादी प्रदीप सेन चौकीदार सिंचाई विभाग झांसी हाल माताटीला डेम बगीचा ने पिछोर थाना में रिपोर्ट की थी कि दिनांक 2/8/23 की रात 11 बजे करीब माताटीला डेम के बगीचा में ड्यूटी कर रहा था तो भूरा लोधी व उसका साथी आए और पेड़ काटने लगे पेड़ काटने से मना करने पर अश्लील गालियां दी व दोनों ने लात घूंसा व डंडा से मारपीट कर शरीर में कई जगह चोटें पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी। प्रदीप सेन को



उपचार के लिए सर्जिकल वार्ड जे ए एच ग्वालियर भर्ती किया गया था जिसकी दिनांक 12/8/23 को दौरान उपचार मृत्यु हो गई ।थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 419/23 धारा 323,324,294,186, 332,353,506,34 इजाफा 302 पंजीकृत किया था। भूरा लोधी उर्फ जयराम पुत्र खुशी लाल लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हरी नगर को उसके खेत से गिरफ्तार कर हत्या की घटना में प्रयुक्त एक बांस का डंडा जप्त किया ।भूरा लोधी ग्राम हरीनगर का शराब पीकर झगड़ा करने आदतन अपराधी है ।जो प्रतिदिन प्रदीप सेन के साथ शराब पीता था और दोस्त ने ही दोस्त की हत्या कर दी। पुलिस थाना पिछोर को भूरा लोधी के साथी साहब सिंह लोधी निवासी ग्राम सतलौन बसई जिला दतिया की तलाश जारी है ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एस आई विनोद भार्गव , एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक इंदल सिंह भदोरिया संतोष यादव राजेंद्र सिंह यादव, आरक्षक बचान सिंह तोमर, भूपेन्द्र सिंह,राघवेंद्र पाल, रवि कौरव,मांगीलाल गुर्जर, प्रदीप कौरव व माधव शंकर शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री के भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त

### हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी।** संभाग आयुक्त दीपक सिंह और आईजी डी श्रीनिवास वर्मा शिवपुरी भ्रमण पर आए। शिवपुरी में पोहरी और पिछोर में मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। अभी मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। तैयारी का जायजा लेने के लिए संभाग आयुक्त और आईजी पिछोर पहुंचे। उन्होंने हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया। मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए हैं। गत दिवस संभागायुक्त पोहरी का निरीक्षण किया। पोहरी में भी मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होना है। संभागायुक्त ने पोहरी कार्यक्रम स्थल पहुंचकर भी जायजा लिया। संभाग आयुक्त एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया, एडीएम विवेक रघुवंशी और एसडीएम पिछोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के प्रयासों से शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के शिवपुरी ग्रामीण के लिए 02 सड़कें हुईं स्वीकृत

**राकेश परिहार पिछोर**



**शिवपुरी।** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के लागत 505.81 लाख रूपए की लागत एवं 5.10 कि.मी. लम्बाई की ग्राम करमांजखुर्द से तानपुर रोड़ तथा 202.73 लाख रूपए की लागत एवं 1.95 कि.मी. की लम्बाई की ग्राम पाटखेड़ा से खैरोना होते हुए मोहनगड़ रोड़ स्वीकृत कराई है। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ग्रामवासियों की मांग अनुसार ग्राम करमांजखुर्द से तानपुर मार्ग लम्बाई 5.10 कि.मी. एवं ग्राम पाटखेड़ा से खैरोना होते हुए मोहनगढ़ मार्ग लम्बाई 1.95 कि.मी मार्ग को स्वीकृत कराने के लिए प्रयास किया। जिसके उपरांत स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करके कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इन दोनों सड़कों की स्वीकृति मिलने से ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ रही है। लोक निर्माण विभाग भव्य रोड़ बनने से आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही समय की भी काफी बचत होगी। इन दोनों सड़कों की स्वीकृति से क्षेत्रीय जनता में अति हर्ष होना स्वभाविक है तथा क्षेत्रीय जनता ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# शिवपुरी पुलिस की चोरी के दो मामलों मे कार्यवाही

## पुलिस थाना दिनारा द्वारा चौकी थनरा के ग्राम काली पहाड़ी के माता मंदिर मे हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुये चोरी गये सामान, नगदी रुपये, रकम एवं गेहूँ वरामद कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

दिनाँक 17.08.2023 को फरियादी शैलेन्द्र यादव पुत्र श्री नारायण सिंह यादव उम्र-36 साल निवासी रपटा वरकुँआ मौजा दिनारा द्वारा रिपोर्ट किया था कि विलरऊ नदी किनारे माता मंदिर के गेट का ताला टूटा मिला, मंदिर के अंदर की दानपेटी टूटी थी व मंदिर में लगे दो घंटे, पीतल का शंख झालर, दानपेटी में करीव 1500 रूपये चडोत्री के दिनाँक 16.08.23 के करीव 09 वजे से दिनाँक 17.08.23 के रात 01 वजे के वीच कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना दिनारा पर अपराध क्र0 199/2023 धारा 457, 380 भा0द0वि0 का कायम कर विवेचना में लिया गया । एवं दिनाँक 06.08.23 को फरियादी मुन्नाला कुशवाह पुत्र श्री कालूराम कुशवाह उम्र-57 साल निवासी दिनारा के अशोक होटल दिनारा गोदाम से 15 क्वटंल गेहू चोरी हो गए थे जिसकी रिपोर्ट पर से अपराध क्र0 194/23 धारा 457,380 भा0द0वि0 का कायम कर विवेचना में लिया गया । थाना दिनारा क्षेत्र में हुई चोरी की घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा द्वारा मुझ थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव को उक्त घटनाओं में चोरी गए माल मुल्जिम की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया । जिस पर से उक्त प्रकरणों में चोरी गए माल की वरामदगी एवं आरोपीगणों की पतारसी हेतु मुखविर लगाए गए एवं विवेचना के दौरान दिनाँक 18.08.2023 को अपराध क्रमांक 199/2023 धारा 457,380 भा0द0वि0 में चोरी गई विलरऊ नदी किनारे माता मंदिर के गेट का ताला टूटा था मंदिर के अंदर की दानपेटी टूटी थी व मंदिर में लगे दो घंटे ,पीतल की शंख झालर ,दानपेटी में करीव 1500 रूपये चडोत्री के मुखविर की सूचना पर से अशोक होटल दिनारा से आरोपीगण 1. हरीसिंह कुशवाह पुत्र मुन्नासिंह कुशवाह उम्र-33 साल निवासी चिरईटोर की माता के पास स्योडा चुंगी दतिया एवं 2.अभय पुत्र गुलाव शिवहरे उम्र-21 साल निवासी नजरवाग कॉलौनी आरएलपीएस स्कूल के सामने दतिया के कब्जे से चोरी गए संपूर्ण माल एवं अपराध क्र0 194/23 धारा 457,380 भा0द0वि0 में चोरी गए फरियादी के गेहूँ को वरामद किया गया है । दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस टीम गिरफ्तारी हेतु तैयार की गई है। उक्त दो चोरी के अपराधों का खुलासा करने एवं माल वरामदगी तथा आरोपीगणों की गिरफ्तारी कराए जाने में थाना प्रभारी दिनारा श्री संतोष भार्गव,उनि श्री नीरज राणा चौकी प्रभारी थनरा,सउनि विनोद गौतम.सउनि विवेक भट्ट,प्र0आर0252 हिमांशू चतुर्वेदी,प्र0आर0 401 सेवाराम पाण्डे,प्र0आर0928 दीपक उपाध्याय, आर0130 अंकित सिंह,आर0575 रामअवतार,आर0 1065 पवन यादव, आर0 240 पीकेश कुमार, आर0169 पुष्पेन्द्र चौहान, आर 0778 रामवीर पाल, आर0 747 मनोज यादव, आर0 चालक 554अमित यादव, सैनिक 324 सुरेश, सैनिक 270 यशपाल, सैनिक 276 धर्मपाल की सराहनीय भूमिका रही है।

# आबकारी विभाग ने दो प्रकरणों में ओडिसा प्रांत निर्मित 146 लीटर शराब किया जप्त



**गरियाबंद।** आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए दो प्रकरणों में ओडिसा प्रांत निर्मित कुल 146 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग के अंतर्गत ग्राम झिर्रीपानी, शेम्ला मार्ग थाना देवभोग के पास सूचना के आधार पर अरोपियों को भागते हुए देखकर शेमला मार्ग के किनारे विधिवत तलाशी जांच की जाने पर मार्ग किनारे झाडियों के बीच में अलग-अलग जगह से 520 नग ट्रिपल लाल घोडा छाप एवं 189 डबल लाड घोडा छाप (प्रत्येक में 200-200 एमएल) कुल 141.800 बल्क लीटर उडीसा प्रांत निर्मित हाथभटठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया। आरोपी की पतासाजी किया गया कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) क 34(2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आरोपी वासू गों? के किराया दुकान की विधिवत तलाशी लिए जाने से 7 नग हंटर बीयर उडीसा निर्मित (प्रत्येक में 650-650 एमएल)कुल 4.55 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया। आरोपी वासू गोड़ ग्राम दरलीपारा के विरूध्द 34(1) क के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। इस प्रकार दो प्रकरणों में कुल 146.35 बल्क लीटर मदिरा बरामद हुई। जिसे मौके पर जप्त किया गया।

# वृक्षा रोपण ही नहीं संरक्षण भी करें डॉक्टर जैन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

आजकल लोग वृक्षारोपण तो करते हैं मगर उन वृक्षों की देखरेख नहीं करते सोशल मीडिया और मीडिया पर दिखावा करने के लिए वृक्ष को लग जाते हैं मगर उनमें कभी पानी डालने के लिए नहीं आते अगर वृक्ष लगाएं तो उसकी देखरेख करें वृक्षारोपण बहुत जरूरी है वृक्षों से ही हमको ऑक्सीजन मिलती है शुद्ध हवा मिलती है मौ नगर में एक ऐसे ही समाजसेवी डॉक्टर दिनेश जैन का कहना है कि वृक्षारोपण ही नहीं संरक्षण भी करें वह प्रतिदिन मौ नगर में बने सरकारी अस्पताल परिषद में पहुंचकर प्रतिदिन उनकी देखरेख कर उनमें पानी डालते हैं आज भी उनके साथ कई लोग पहुंचे वृक्षों में पानी डालने के लिए सरकारी अस्पताल समाजसेवी नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, डिंपल मिश्रा, अजय यादव, गोलू शिवहरे, शिवम सोनी, गोलू परिहार आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।



# नवागत थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा ने थाना दबोह पहुँचकर किया पदभार ग्रहण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**




**दबोह।** बीते रोज जारी हुई तबादला सूची में दबोह थाना निरीक्षक संजीव तिवारी का तबादला हो चुका है जिसके बाद अब थाना दबोह की कमान निरीक्षक परमानन्द शर्मा को दी गई है।थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही थाने में पेंडिंग अपराधों पर स्टाफ से गहन चर्चा की।विदित रहे कि नगाबत थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा अपराधियों के लिए तेजतर्रार थाना प्रभारी के रूप में जाने जाते है वहीं वह सरल एवं सहज स्वभाव के लिए भी पहचाने जाते हैं।फिलहाल तो अब देखना यह है कि कितने प्रतिशत क्षेत्र के अपराधो का प्रतिशत कम होता है।

# पटवारी सप्ताह में सोमवार एवं गुरूवार को मुख्यालय पर उपस्थित रहकर कार्य निपटाऐ : कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों के निर्देश जारी किए है की जिले में यह सुनिश्चित करे कि पटवारी आम जनता की सुविधा के लिय दो दिन अपने मुख्यलायो पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और राजस्व के काम निपटाए। इसके लिए प्रत्येक सप्ताह में सोमवार एवं गुरुवार को अपने अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित रहकर राजस्व विभाग की सेवाएं प्रदान करें। आमजन की कठिनाइयों के निराकरण हेतु उपलब्ध रहना सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन पटवारियों के पास एक से अधिक हल्के हैं वे सप्ताह के सोमवार को पदस्थापना वाले हल्के की ग्राम पंचायत में तथा गुरुवार को प्रभार वाले हल्के की ग्राम पंचायत में अनिवार्यतः उपस्थित रहें।

# भाजपा मंडल मौ मीडिया प्रभारी सोमबीर शिवहरे के पुत्र ने किया नगर का नाम रोशन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

डीपीसी और जिला भिंड के कलेक्टर द्वारा सौम्य शिवहरे को ओलंपियाड के गणित और विज्ञान के पेपर में भिंड जिले में दूसरा स्थान हासिल करने पर भिंड जिला मुख्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया। जिससे हमारे नगर मौ का नाम रोशन हुआ है गर्व करते हैं इस पुत्र पर इसी तरह मन लगाकर पड़े और अपने मां-बाप एवं पूरे नगर एवं जिला का नाम रोशन करें।



# दबोह में नकली दूध का केमिकल पकड़ा,डेयरी मालिक सांची को करता था दूध सप्लाई फ्रूड सेफ्टी अधिकारी की कार्यवाही

**पुष्पांजली न्यूज नेटवर्क**

भिण्ड-जिले के दबोह में बीती शाम एक दूध डेयरी को निशाना बनाते हुए छापामार कार्रवाई की गई।यहां फूड सेफ्टी अफसरों ने डेयरी से नकली दूध बनाने वाला केमिकल पकड़ा।हालांकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये डेयरी मालिक सांची डेयरी को बड़ी तादाद में दूध सप्लाई करता था।फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के मुताबिक दबोह नगर के वार्ड क्रमांक 13 में भारत सिंह यादव के मकान में नकली दूध तैयार होने की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। यहाँ फूड सेफ्टी अधिकारी अवनीश कुमार गुप्ता,रेखा सोनी और रीना बंसल ने छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान टीम को मकान के अंदर 16 किग्रा माल्टो पाउडर दूध बनाने वाला केमिकल)69 किग्रा घी और 24 किग्रा मक्खन मिला।फूड सेफ्टी अफसरों ने यहां जांच के नमूने लिए। जांच में अफसरों को पता चला कि डेयरी से दूध सांची डेयरी के लिए सप्लाई किया जाता है। माल्टो केमिकल पकड़े जाने की सूचना सांची डेयरी के अफसरों को दी गई।विभागीय अफसरों द्वारा दी गई जानकारी में बताया कि सांची डेयरी में सप्लाई दूध की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई गई।



**आसपास की डेयरी पर नहीं पहुंची टीम-** दबोह में एक डेयरी पर माल्टो केमिकल मिलने और सप्लाई दूध की गुणवत्ता ठीक न होने पर भी क्षेत्र की डेयरियों पर फूड सेफ्टी अफसर नहीं पहुंचे।जबकि इस क्षेत्र से बड़ी तादाद में मिलावटी दूध सांची डेयरी में सप्लाई होता आ रहा है।यहां से फूड सेफ्टी अफसर आलमपुर में चले गये जहां उन्होंने हल्दी धनिया पाउडर के नमूने लिए।

# दबोह ने नायाब तहसीलदार को घोड़े पर बैठाकर गाजे बाजे के साथ किया विदा, अब नरवर में देंगे सेवाएं

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** भिंड जिले के दबोह में निवर्तमान नायब तहसीलदार का विदाई समारोह बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया।इस दौरान स्थानीय निवासियों की ओर से उनको घोड़े पर बैठाकर डीजे और गाजे-बाजों के साथ विदा किया।जिसके बाद मौजूद लोगों को सहभोज भी दिया गया।नायब तहसीलदार का भव्य विदाई समारोह लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अमित दुबे विगत लगभग चार वर्षों से भिंड जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे,विगत 26 जुलाई को उनका तबादला शिवपुरी कर दिया गया था।जिस दौरान दबोह नगर के मंगलम गार्डन में देर रात अमित दुबे का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर व शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। इसके बाद नायब तहसीलदार को दूल्हे की तरह घोड़े पर बैठाकर दबोह नगर की सड़कों पर उनको घुमाया गया।इस दौरान आगे चल रहे डीजे पर देशभक्ति के गीतों पर लोग नाच थे।विदाई समारोह के दौरान वरि. समाजसेवी नरेश उदैनिया ने कहा कि शासकीय सेवा में ट्रांसफर तो एक सामान्य प्रक्रिया है,जिसमें लोगों को आना-जाना भी पड़ता है,मगर अमित दुबे ने अपनी कार्य शैली से समूचे क्षेत्र के लोगों के दिलों में जगह बना ली।इस मौके पर अमित दुबे ने कहा कि दबोह और आलमपुर की जनता ही नहीं अपितु समूचे जिले से मुझे बहुत सहयोग मिला और एक बेटे की तरह यहां के लोगों ने मुझे जो स्नेह दिया है। वह मेरे जीवन की अमूल्य धरोहर है,जिसे मैं अपने साथ लेकर जा रहा हूं।आपको बता दें कि जुलाई में जारी हुई सूची में नायाब तहसीलदार अमित दुबे का तबादला शिवपुरी जिले में कर दिया था। जिसके चलते अब वह शिवपुरी जिले के नरवर में अपनी सेवाएं देंगे। विदाई समारोह के दौरान दबोह थाना प्रभारी देवेन्द्र राठौर, अजीत दुबे, अरुण गुर्जर, नेता वमनपुरा, मयंक उदैनिया, हरिशचन्द्र पाण्डेय, अर्पित गुप्ता, सुधांशु मुद्गल, मोहित गोस्वामी, अजय त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, आकाश कैन, अनुज गुर्जर, प्रफुल्ल दुबे, दिलीप कौरव, राजकुमार पटेल सहित लगभग दो सैकड़ा से ज्यादा लोग मौजूद रहे।



# 17 अगस्त 2023 दीन दयाल नगर में चेतना मंच के तत्वालधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित

## चेतना मंच ने किया बृहद वृक्षारोपण

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** 17 अगस्त 2023 दीन दयाल नगर में,÷चेतना मंच ÷के तत्वालधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया द्व कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में महेंद्र सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश बीज विकास निगम एवं प्रभारी भारतीय जनता पार्टी भोपाल संभाग के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता क्षेत्रीय पार्षद (श्रीमती) रेखा त्रिपाठी ने की। चेतना मंच के अध्यक्ष दीपक तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चेतना मंच धर्म संस्कृति के जन जागरण के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा में भी सतत कार्यरत हैं, जिसके तहत निरंतर वृक्षारोपण का कार्यक्रम संस्था कर रही है। इसी तारतम्य में नवीन दशहरा मैदान में संस्था द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में अपने परिजनों की स्मृति में वृक्षारोपण किया तथा अपने अपने वृक्ष की देखरेख का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के डॉ. हरि मोहन पुरोहित, बृजेश यादव, ब्रजकिशोर, दीक्षित सुरेश वर्मा, मूलचंद रसेनिया, डॉ अरविंद मित्तल, राम प्रकाश परमार, जे पी पांडे, अवधेश कुमार त्रिवेदी, श्रीमती अंकिता अग्निहोत्री सुदेश कुमार सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, जादौन, नरपति सिंह तोमर, रणवीर सिंह कुशवाह, अतुल सोनी, अमित सिंह भदोरिया, हरि यादव, आदित्य-विवेक गुप्ता, अभिषेक सोनी, अशोक मिश्रा, राकेश सिंह राठौर, लोकेंद्र सिंह सिकरवार, हरि ओमशिवहरे , बृजेश चंद्र चतुर्वेदी, आदरणीय अश्वनी कुमार मिश्रा, रवि कुमार सेन, राकेश चौहान, ओम प्रकाश बाजपेई, योगेंद्र सिंह कौरव आदि ने अपने परिजनों की स्मृति में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रजकिशोर दीक्षित ने किया तथा आभार प्रदर्शन बृजेश यादव ने दिया।

# निगडी स्टार पुणे ने जीती प्रतियोगिता

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**पुणे =** आईजी कप पुणे का 77 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सीरवी स्पोर्ट्स क्लब पुणे के तत्वावधान में जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब विमान नगर पुणे द्वारा आयोजित शुटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता आईजी मैदान वाघोली में बड़े ही शानदार तरीके से सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पुणे की 11 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता टीम निगड़ी स्टार पुणे व उप विजेता बिबवेवाडी पुणे रही । वही तीसरे स्थान पर टीम मार्केट यार्ड रही। मेन ओफ द सीरीज प्रकाश गेहलोत बेस्ट शुटर उमेश सोयल रबरमेन, बेस्ट नेटी यश नीगड़ी, युवा नेटी दिनेश गेहलोत दिनू, बेस्ट रेफ़री लालाराम सैणचा बेस्ट रेफ़री अमृतलाल, बेस्ट डिसीप्लीन अरुण वाघोली, बेस्ट डिसीप्लीन रमेश कुमार सोलंकी बेस्ट मंच संचालन देवाराम गेहलोत इस प्रकार के सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया ।इस आयोजन को सफल बनाने में वाघोली वडेर के अध्यक्ष पुखाराम सोयल व संपूर्ण कार्यकारिणी कमिटी और सीरवी स्पोर्ट्स क्लब कमिटी पुणे के अध्यक्ष मिश्रीलाल भीमाराम गेहलोत एवं संपूर्ण कमिटी मेंबर व इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए अपना अमूल्य समय निकाल कर पधारे हुए मेहमान उपस्थित थे । इस मौके पर अखिल भारतीय महासभा महाराष्ट्र प्रान्त के अध्यक्ष दिनेश कुमार गेहलोत महिला उपाध्यक्षा श्रीमती प्रमिला ताई ,भुपेंद्र वरपा ,पुणे सीरवी जय भवानी सेवा संस्था के पूर्व अध्यक्ष दुर्गाराम भायल ,जीवाराम सोयल, जोगाराम सोयल वर्तमान अध्यक्ष दुर्गाराम सोलंकी व कार्यकारिणी सदस्य व वडगांव शेरी वडेर से पोकरराम काग व सभी कमेटी मेंबर व वाघोली स्पोर्ट्स क्लब के सभी खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा ।आयोजक जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब विमान नगर से हकाराम राठौड़ भुपेंद्र वरपा गेनाराम आगलेचा, प्रकाश गेहलोत, राजेश काग, कुकाराम गेहलोत, सुरेश लचेटा , मोहनलाल भायल देवाराम गेहलोत, बाबुसेठ पंवार, श्रवण कुमार सोलंकी ,चुनीलाल काग, रमेश कुमार सोलंकी, रमेश कुमार काग, भावेश आगलेचा, भुराराम सोलंकी ,अरविंद गेहलोत प्रकाश सोलंकी सहित अनेक समाज के सदस्यों का तन मन धन से बहुत अच्छा योगदान रहा।



# एक शाम आदियोगी व गौमाता के नाम

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** एक शाम आदियोगी व गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन श्री कृष्णा गौ सेवा आश्रम होसूर भण्डे परिसर में किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ आईमाताजी की आरती व दीप प्रज्वलित से हुआ। इस भजन संध्या में बैगलुरू व आसपास क्षेत्र से अनेक भजन गायक कलाकारों ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस कार्यक्रम में गौभक्त स्वामी पुखराज महाराज ने सभी भजन गायक कलाकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवक महेंद्र मुणोत, गौभक्त सुरेश सेंणचा, राजस्थान से आए स्वर सम्राट रमेश माली तथा सभी भजन गायक कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस पुरे कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने के लिए आर जे.रमसा , राधेश्याम माली ,कैलाश पंवार हेमंत जोशी के द्वारा की गई। कार्यक्रम स्थल पर भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया था। सुरेश सेंणचा ने कहा की सभी भजन गायक कलाकारों को एक मंच पर भजनों की प्रस्तुति देने के लिए ये आयोजन पहली बार किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालक मोहन सीरवी ने किया ।

# प्रजापति समाज करेगा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** शहर के मेला ग्राउंड में आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति द्वारा मेला ग्राउंड निराला रंग बिहार में प्रजापति समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा। समिति सदस्यों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि रामदयाल प्रजापति अध्यक्ष माटीकला बोर्ड केबिनेट मंत्री दर्जा,अध्यक्षता प्रहलाद प्रजापति अध्यक्ष काशी बाबा ट्रस्ट देव स्थान बेहट,विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या राय सांसद,संजीव सिंह कुशवाह विधायक,राजेश कुमार प्रजापति विधायक,नरेंद्र सिंह कुशवाह पूर्व विधायक, श्रीमती बर्षा अमित वाल्मीकि अध्यक्ष नगर पालिका आदि रहेंगे। प्रेस वार्ता में राजेश प्रजापति अध्यक्ष, आदर्श प्रजापति,रामबिहारी वर्मा (प्रजापति) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, लज्जाराम प्रजापति, अशोक प्रजापति,सुरेंद्र प्रजापति,रवि प्रजापति, रामदास प्रजापति,वासुदेव प्रजापति,रवि रमन प्रजापति मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावना की शपथ दिलाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भावना की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगाध्करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करताध्करती हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी।

# डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन क़ानून पुख्ता नहीं

**प्राईवेसी: निजी डेटा की सुरक्षा के नाम पर, सरकार यदि खुद अपने पास मनमानी शक्तियाँ इकट्ठा करले तो क्या होगा?**


■ रजनीश कपूर

इस विधेयक में 'जैसा कि निर्धारित किया जाएगा' वाक्य को 26 बार प्रयोग किया गया है। विपक्ष के अनुसार इसका सीधा मतलब यह है कि काफी कुछ अंधेरे में है और नियमों को बंद दरवाजे से लाया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि यह बिल निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है और इससे सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून भी कमजोर होगा।

आए दिन डिजिटल धोखाधड़ी के मामले सुनने को मिलते है। कुछ शातिर लोगों का गैंग एक योजनाबद्ध तरीक़े से कैसे भोले-भाले लोगों को ठगने की मंशा से उन्हें अपना शिकार बनाते हैं, इसकी खबरे आती रहती है।ठगी लोग उनकी मेहनत की कमाई को कुछ ही पल में फुर्र कर देते हैं। उसके बाद फिर फ्रॉड का शिकार व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर दर-दर की ठोकरें खाता रहता है। अब सरकार ने इस फ्रॉड को रोकने और ज़रूरी निजी जानकारी की सुरक्षा की दृष्टि से 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल' को संसद में पेश किया है जो अब क़ानून बन गया है।

हाल में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 पेश किया। इस विधेयक के तहत नागरिकों के व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा के अधिकार व्यवस्था करता है। यहाँ सवाल उठता है कि यदि यह बिल नागरिकों की निजी जानकारी सुरक्षा कि दृष्टि से लाया गया है तो इसका इतना विरोध क्यों किया गया? क्या विरोध केवल विरोध के लिए ही है या इसका कोई वाजिब कारण भी है?

संसद के दोनों सदनों में यह बिल पास हो गया है। ग़ौरतलब है कि नागरिकों के पर्सनल डेटा की सुरक्षा को लेकर देश भर में पहले से ही काफ़ी बहस चल रही है। परंतु इस बहस को गति देने की पहल देश की सर्वोच्च अदालत ने 24 अगस्त 2017 को अपने फ़ैसले से की। इस फ़ैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि "निजता का अधिकार लोगों का मूलभूत अधिकार है।" नौ जजों वाली सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार बताया है। पीठ ने कहा कि "निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए जीने के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा है।"

यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि इस बिल के तहत हमारे किस डेटा की सुरक्षा की बात हो रही है। 'डिजिटल पर्सनल डेटा' वो होता है जो आप किसी भी ई-कॉमर्स की वेबसाइट पर प्रदान करते हैं। ये डेटा वो होता है जिससे आपकी और आप जैसे करोड़ों उपभोक्ताओं की विभिन्न ई-कॉमर्स वेबसाइट पर पहचान बनती है। उदाहरण के तौर पर आप किसी वेबसाइट से रोज़मर्रा का सामान मँगवाते हैं तो आपका 'यूज़र नेम', 'पासवर्ड', आपकी जन्मतिथि, आपके घर या ऑफिस का पता, आपका मोबाइल नंबर, पैन नंबर, आधार नम्बर आदि। इसके साथ ही आपके द्वारा मंगाए जाने वाले सामान या भोजन आदि भी आपके प्रोफाइल में अंकित हो जाते हैं। इसके साथ ही आपकी वो निजी जानकारी जो आपके प्रोफाइल में दर्ज हो जाती है, वो है आपके द्वारा कि गई ख़रीदारी का मूल्य। सोशल मीडिया साईट पर आप किस से क्या बात कर रहे हैं। आपकी लोकेशन क्या है। आप किस लोकेशन पर ज़्यादा समय बिताते हैं। ऐसी सभी जानकारियों को 'डिजिटल पर्सनल डेटा' कहा जाता है।

'डिजिटल पर्सनल डेटा' का दुरुपयोग करना बहुत आसान है। सोशल मीडिया वेबसाइट्स व ई-कॉमर्स वेबसाइट्स या मोबाइल ऐप्स आपके इस डेटा को, बिना आपकी जानकारी के, अन्य कंपनियों को बेच देते हैं। इस 'डिजिटल पर्सनल डेटा' के आधार पर विभिन्न वेबसाइट्स आपके कंप्यूटर या फ़ोन पर आपको तरह-तरह के विज्ञापन आदि दिखाते हैं और ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इन विज्ञापनों से इन वेबसाइट्स को मुनाफ़ा होता है। मिसाल के तौर पर अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने की मंशा से सोशल मीडिया प्लेटफार्म फ़ेसबुक पर आरोप लगा था और उस पर हज़ारों करोड़ का जुर्माना लगाया था।

ऐसा नहीं है कि निजता के बचाव की मंशा से यह पहली बार हो रहा है। इससे पहले साल 2012 में सुप्रीम कोर्ट के जज, न्यायमूर्ति ए पी शाह की अध्यक्षता में एक प्राइवेसी कमेटी बनी थी जिसने प्राइवेसी क़ानून बनाने की सिफ़ारिश भी की थी। लेकिन मामला ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। उसके बाद से अब तक कई बार इस मामले पर कमेटी बनीं और विधेयक भी प्रस्तावित किए गए। परंतु 'डिजिटल पर्सनल डेटा' की उचित सुरक्षा न हो पाने के कारण विपक्ष और जानकारों ने इसे क़ानून बनने नहीं दिया। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि यह बिल निजी डेटा की सुरक्षा के नाम पर, सरकार ने अपने पास मनमानी शक्तियाँ इकट्ठा कर ली हैं। इसके बाद इस विधेयक को संसद की संयुक्त समिति यानी 'जेपीसी' के पास भेजा गया। जेपीसी की रिपोर्ट में इस विधेयक को लेकर कई संशोधन और सुझाव दिये गये। सरकार ने इन सुझावों व संशोधनों के ना मानकर अगस्त 2022 में विधेयक को वापिस ले लिया। इस सबके बाद इस सत्र में इस विधेयक को दोबारा पेश किया गया। परंतु इस बार भी सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि पिछले विधेयक के मुक़ाबले इस विधेयक में क्या बदलाव किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में 'जैसा कि निर्धारित किया जाएगा' वाक्य को 26 बार प्रयोग किया गया है। विपक्ष के अनुसार इसका सीधा मतलब यह है कि काफ़ी कुछ अंधेरे में है और नियमों को बंद दरवाज़े से लाया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि यह बिल निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है और इससे सूचना का अधिकार (आरटीआई) क़ानून भी कमजोर होगा। जबकि सत्ता पक्ष की तरफ़ से लगातार इस बात पर जोर दिया गया कि बिल सिर्फ़ व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षा देगा और आरटीआई पर इससे कोई असर नहीं पड़ेगा। देखना यह है कि क्या इस क़ानून का उल्लंघन करने वालों को कड़ी सज़ा या जुर्माना लगेगा या सरकार इस क़ानून का दुरुपयोग करेगी। यह तो आने वाला समय ही बताएगा की यह क़ानून बनने निजता की सुरक्षा को लेकर कितना खरा उतरता है?

## समाचार विश्लेषण : क्यों घटी अरबपतियों की संपत्ति?

पिछले साल जिन संपत्तियों की कीमत सबसे ज्यादा घटी, उनमें वित्तीय संपतियां जैसे कि शेयर और स्टॉक्स आदि सबसे ऊपर थे।

साल 2008 की आर्थिक मंदी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि दुनिया की कुल संपत्ति में गिरावट देखी गयी। अमीरों की संपत्ति सबसे ज्यादा घटी है और अमीरों की संख्या भी कम हुई है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 14 साल में पहली बार दुनिया में दौलत कम हुई है। सालाना जारी होने वाली ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट में 200 वित्तीय बाजारों में 5.14 अरब लोगों की संपत्ति की कीमत का आकलन किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि अगले पांच साल में वैश्विक स्तर पर संपत्ति 6,290 खरब डॉलर हो जाएगी। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद पहली बार 2022 में कुल संपत्ति में कमी आयी है। हालांकि ताजा रिपोर्ट का आकलन है कि आने वाले पांच साल सकारात्मक रहेंगे।

पिछले साल लोगों की निजी संपत्ति में कुल 2.4 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट बताती है कि 2022 में कुल वैश्विक संपत्ति में 113 खरब डॉलर की गिरावट हुई और 2022 के आखिर में यह 4,544 खरब डॉलर रह गयी। इस तरह 2022 के आखिर में प्रति व्यक्ति संपत्ति 84,718 अमेरिकी डॉलर थी। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 21 खरब डॉलर कम हुए जबकि दक्षिण अमेरिका में कुल संपत्ति 24 खरब डॉलर बढ़ गयी। इसकी मुख्य वजह मुद्रा के मूल्य में डॉलर की तुलना में 6 फीसदी की वृद्धि रही। संपत्ति की सबसे ज्यादा कमी अमेरिका में देखी गयी। उसके बाद जापान, चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया का नंबर है।

पिछले साल दौलत में सबसे ज्यादा वृद्धि रूस, मेक्सिको, भारत और ब्राजील में हुई थी।

(शेष बॉलीवुड पेज पर)

## क्या है सरकार की मंशा?

कमजोर सरकारों के दौर में जब अदालतें कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में जाकर आदेश देती थीं, तब वह भी संविधान की भावना के अनुरूप नहीं था। अब सरकार ने न्यायपालिका के लिए एसओपी तैयार किया है, तो इस पर भी वही बात लागू होती है।

*भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तीन प्रमुख अंगों- विधायिका, कार्यकपालिका और न्यायपालिका- में कोई एक दूसरे लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) बनाए, यह बात गले नहीं उतरती। दरअसल, ऐसा करने की कोई व्यवस्था संविधान के तहत नहीं है। कमजोर सरकारों के दौर में जब अदालतें कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में जाकर आदेश देती नजर आती थीं, तब भी संविधान की भावना से परिचित लोगों ने उस पर एतराज किया था। लेकिन उसमें कम से एक बात जरूर थी कि न्यायपालिका कोई एक दल या व्यक्ति से नियंत्रित नहीं थी। इसलिए दलगत हित सधने या नियंत्रण कायम होने का अंदेशा तब नहीं था। मगर शक्ति संतुलन बदल गया है। केंद्र में संख्या बल के लिहाज से एक मजबूत सरकार है, जिसने धीरे-धीरे राज्य के सभी अंगों और संस्थाओं पर अपना प्रभाव कायम कर लिया है। न्यायपालिका इस प्रभाव से पूरी तरह अप्रभावित है, यह भी नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद न्यायपालिका सरकार के आंख का कांटा बनी हुई है, यह उसकी तरफ से बार-बार और कई कोणों से किए गए जुबानी हमलों से जाहिर है।*

*बहरहाल, अब बात वहीं तक नहीं रही। अब खबर है कि सरकार ने न्यायपालिका के लिए एक एसओपी तैयार किया है। इसके जरिए यह तय करने की कोशिश की गई है कि सरकार के जुड़े मामलों की न्यायिक प्रक्रिया होगी और सरकारी अधिकारियों से जज किस तरह का व्यवहार नहीं कर सकेंगे। कहा गया है कि अगर कोर्ट किसी मामले की जांच के लिए समिति बनाना चाहता है, तो वह सिर्फ इतना निर्णय ही लेगा। समिति में कौन होगा, यह पूरी तरह सरकार तय करेगी। कोर्ट अगर किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करता है, तो एसओपी में कहा गया है कि जिस बेंच के आदेश की अवहलेना हुई है, वह अवमानना मामले की सुनवाई नहीं करेगा।*

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## अब यह नया खतरा

वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन खाद्य संकट बढ़ने के साथ-साथ इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं।

*दुनिया अब तक कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के असर से नहीं उबरी है। ये घटनाएं खाद्य संकट और महंगाई का कारण बनीं। इसी बीच अब खबर है कि मौसमी परिघटना अल नीनो प्रभाव का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इसके कारण आने वाले महीनों में तापमान बहुत अधिक रहेगा और मौसमी आपदाओं की संख्या भी बढ़ सकती है। विश्व मौसम संगठन के मुताबिक पिछले महीने ही अल नीनो की शुरुआत हो चुकी है। प्रशांत महासागर में अधिक तापमान के साथ शुरू होने वाला यह प्रभाव अक्सर नौ से 12 महीने तक रहता है। साल के आखिर में इसका असर सबसे ज्यादा होने की संभावना है। वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। पहले भी जब अल नीनो प्रभाव आया तो पानी से पैदा होने वाली बीमारियों और अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार में वृद्धि देखी गई थी। अल नीनो के कारण बारिश की मात्रा और बारंबारता बढ़ जाती है, जिससे पानी जमा होता है। इस कारण मच्छर आदि अधिक तापमान में पैदा होने वाले जीव बढ़ जाते हैं और संक्रामक रोग फैलते हैं।*

*1998 में जब अल नीनो आया था तो कई जगह मलेरिया महामारी बन गया था। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि अल नीनो के कारण जंगल की आग जैसी घटनाओं में कितनी वृद्धि होती है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह खतरा भी बढ़ जाता है। एक अनुमान के मुताबिक पिछली गर्मियों में सिर्फ यूरोप में गर्मी से 61 हजार लोगों की जान गई थी, जबकि तब अल नीनो प्रभाव नहीं था। इस साल जुलाई को इतिहास में अब तक का सबसे गर्म महीना आंका गया है। देखा गया है कि जिस साल अल नीनो सक्रिय होता है, उस साल दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे इलाकों के कई देशों में खराब फसल होने की आशंका ज्यादा होती है। इसका असर खाद्य के अभाव और महंगाई के रूप में सामने आता है। यह खतरा फिलहाल मंडरा रहा है।*

**समानता के बिना स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के बिना समानता पूरी नहीं हो सकती। बाबा साहब आंबेडकर का भी यही मानना था कि अगर राज्य समाज में समानता की स्थापना नहीं करेगा, तो देशवासियों की नागरिक, आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रताएं महज धोखा सिद्ध होंगी।**

# स्वतंत्रता बची है या महज़ स्वतंत्रता का धोखा?

कृष्ण प्रताप सिंह

देश तो क्या, दुनिया में भी, मनुष्य तो क्या, कोई मनुष्येतर जीव भी शायद ही हो, जिसे अपने लिए स्वतंत्रता अभीष्ट न हो या वह प्यारी न लगती हो। स्वतंत्रता इतनी प्यारी नहीं होती तो मनुष्यता के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक बलिदान उसी की वेदी पर दर्ज न हुए होते। न वह हमारे समय का प्रमुख राजनीतिक दर्शन बन पाती, न ही उससे जुड़े इस विचार पर आम सहमति बन पाती कि किसी व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, देश या राज्य के अपनी इच्छानुसार काम करने पर किसी दूसरे व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, देश या राज्य का किसी भी प्रकार का प्रतिबंध, अंकुश या मनाही नहीं होनी चाहिए।

फिर भी इसको लेकर बहुत से भ्रम फैले हुए हैं- कह सकते हैं, जानबूझकर फैलाए गए हैं- कि स्वतंत्रता वास्तव में है क्या और उसके निरापद उपभोग की उत्कृष्टतम प्रणाली कौन-सी है? एक सबसे ज्यादा प्रचारित भ्रम तो स्वतंत्रता को स्वच्छंदता के बराबर ले जा खड़ा करता है। कहता है कि स्वतंत्रता सारे नियंत्रणों से मुक्ति अथवा उनके अभाव की स्थिति है, जिसमें किसी भी अनुशासन के लिए कोई जगह नहीं होती।

जो लोग भी इस भ्रम के शिकार हो जाते हैं, उनके दिलोदिमाग में यह बात घुसती ही नहीं है कि स्वतंत्रता न स्वच्छंदता या तंत्रहीनता का पर्याय है और न सारे अनुशासनों को धता बता देने या उनसे परे हो जाने का। वे यह भी समझ नहीं पाते कि ऐसी स्वतंत्रता किसी भी राज्य में- वह लोकतांत्रिक हो या तानाशाह- नहीं प्राप्त हो सकती और केवल प्राकृतिक या अराजक अवस्था में रहने वालों को ही उसका अनुभव हो सकता है।

लेकिन आम लोग तो आम लोग, विद्वानों में भी स्वतंत्रता के विभिन्न स्वरूपों, समस्याओं व संभावनाओं को लेकर इतने मतभेद हैं, जितने शायद ही किसी और विषय को लेकर हों। कारण यह कि कोई भी युग ऐसा नहीं रहा है, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता के स्वरूपों, समस्याओं व संभावनाओं वगैरह पर विचार न किया हो और युग संदर्भ बदलते ही वे स्वरूप, संभावनाएं और विचार वगैरह बदल न गए हों।


साभार

मिसाल के तौर पर, जहां ब्रिटेन के प्रो हेरोल्ड जोसेफ लास्की का मानना है कि स्वतंत्रता का आशय उस वातावरण की स्थापना से पूरा होता है, जिसमें मनुष्यों को अपने पूर्ण विकास के अवसर प्राप्त होते हैं, जबकि रूसो की मानें तो मनुष्य तो जन्मा ही स्वतंत्र है। दार्शनिक व राजनीतिक विचारक थामस हाब्स मानते हैं कि स्वतंत्रता 'विरोध और नियंत्रण का सर्वथा अभाव' है, जबकि राजनीति विज्ञानी सीले यह कि स्वतंत्रता अतिशासन की विरोधी है।इसके विपरीत मैकियावेली की मान्यता है कि स्वतंत्रता बंधनों का अभाव नही अपितु उचित प्रतिबंधन की व्यवस्था है और यह व्यवस्था केवल वैयक्तिक नहीं, सामाजिक हित की दृष्टि से भी प्रदान की जाती हैं।

दार्शनिक, समाजशास्त्री और राजनीतिक सिद्धांतकार हरबर्ट स्पेन्सर कहते हैं कि प्रत्येक मनुष्य की स्वतंत्रता इस शर्त के अधीन होती है कि वह किसी अन्य मनुष्य की समान स्वतंत्रता का हनन न करें, जबकि वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता कार्ल मार्क्स कह गए हैं कि जब तक उत्पादन प्रणाली पर समाज का आधिपत्य नहीं हो जाता, न मनुष्य स्वतंत्रता का उपभोग कर सकता है और वास्तविक अर्थ में लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है।

अपने देश के संदर्भ में बात करें, तो स्वतंत्रता संघर्ष के सबसे बड़े नायक महात्मा गांधी कहा करते थे कि स्वतंत्रता बाहरी, विदेशी या पराये तंत्रों से तो निजात दिलाती है, लेकिन साथ ही स्व यानी अपने तंत्र द्वारा विवेकपूर्वक शासित होने यानी स्वानुशासित रहने की मांग करती है। इसलिए स्वानुशासनों से बंधना स्वीकार किए बगैर स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं रह जाता। अलबत्ता, स्वतंत्रता इसकी गारंटी है कि किसी व्यक्ति के कार्य अथवा विकल्प किसी और के कार्यों अथवा विकल्पों द्वारा बाधित या अवरुद्ध नहीं किए जाएंगे।

स्वतंत्रता के सिलसिले में वे कई और महत्वपूर्ण बातें कहते थे। इनमें सबसे बड़ी यह कि स्वतंत्रता बांटने से बढ़ती है और सिर्फ उन लोगों को अपने लिए स्वतंत्रता मांगने का नैतिक हक है जो दूसरों की स्वतंत्रता को उनका अधिकार मानते, उसका समर्थन करते और खुद पर अपने स्व का अंकुश लागू करने की जिम्मेदारी निभाते हैं।

दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद उन्होंने साफ-साफ कहा था कि वे देश की स्वतंत्रता के किसी भी आंदोलन का नेतृत्व करने में तभी प्रसन्नता का अनुभव कर पायेंगे, जब उन्हें लगे कि वे जिनकी स्वतंत्रता के लिए आंदोलन चला रहे हैं, वे किसी और की 'पराधीनता का कारण' या 'स्वतंत्रता में बाधक' नहीं हैं, न ही दूसरों के विचारों व विवेक पर हावी होने में दिलचस्पी रखते हैं। महात्मा की इसी बात को एक कवि ने इस रूप में लिखा है: स्वतंत्रता का अर्थ है कि हम स्वतंत्र स्वर बनें।

प्रसंगवश, जब भी हम किसी व्यक्ति, राष्ट्र या देश की स्वतंत्रता की बात करते हैं, उसकी शुरुआत उसके होने, विचार, विश्वास व राजनीतिक राय रखने और कोई भी धर्म मानने या न मानने की स्वतंत्रता से होती है। इसके बाद सामाजिक बाधाओं से स्वतंत्रता का नंबर आता है। तदुपरांत अपनी चाह के मुताबिक कुछ करने की स्वतंत्रता का, फिर इच्छानुसार कुछ बनने की स्वतंत्रता का।

यहां कहना जरूरी है कि स्वतंत्रता मनुष्य की आदिम इच्छाओं में शुमार है, लेकिन जानकारों के अनुसार उसके ज्ञात इतिहास में विचारकों द्वारा आधुनिक अर्थों में स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व का नारा अठारहवीं शताब्दी में दिया गया, जब फ्रांस में राजशाही के अत्याचारों की कोई सीमा नहीं रह गई। स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व का यह नारा ही वहां 1789 की क्रांति का मुख्य आधार भी बना और बाद में यूरोप के रास्ते समूची दुनिया में गूंजा। फिर तो स्वतंत्रता व्यक्ति का लक्ष्य बन गई और इस लक्ष्य को पाने के लिए वह साम्राज्यवाद से दो-दो हाथ करने उठ खड़ा हुआ।

फिर जैसे-जैसे स्वतंत्रता की विभिन्न अवधारणाओं का विकास हुआ, उसे राज्य की राजनीतिक प्रक्रिया में स्वतंत्रतापूर्वक सक्रिय भाग लेने और जीविका की समुचित सुरक्षा की स्वतंत्रता से भी जोड़ा जाने लगा। आगे चलकर प्राकृतिक स्वतंत्रता, नागरिक स्वतंत्रता, रहन-सहन, धर्म, विश्वास, वेशभूषा व परिवार आदि के मामलों मे राज्य या किन्हीं अन्य व्यक्तियों द्वारा किसी भी तरह के हस्तक्षेप की मनाही की स्वतंत्रता, स्वाभाविक स्वतंत्रता, सामाजिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता भी उसका हिस्सा बनी।

अपने देश के स्वतंत्रता संघर्ष के अनुभव से हम जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता द्वारा कोई परतंत्र राष्ट्र अपना शासन अपने आप करने का राजनीतिक अधिकार प्राप्त करता है। इसी अनुभव से हम यह भी जानते हैं कि यह राजनीतिक अधिकार इस नजरिये के तहत ही सबसे ज्यादा सुरक्षित रहता है कि समानता के बिना स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के बिना समानता पूरी नहीं हो सकती। जिन बाबा साहब डॉ। भीमराव आंबेडकर को हम संविधान निर्माता मानते हैं, उनका भी यही मानना था कि अगर राज्य समाज में समानता की स्थापना नहीं करेगा, तो देशवासियों की नागरिक, आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रताएं महज धोखा सिद्ध होंगी।

## जिला ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को करें गौरवान्वित: कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के 23 विद्यार्थियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सभाकक्ष में उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों के भविष्य में शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की सराहना की। उन्होंने चयनित छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप और अच्छी मेहनत कर शिक्षा के क्षेत्र में जिले को गौरवान्वित करें। उन्होंने कहा कि आप जिस उम्र में हो, कुछ भी कर गुजरने की ताकत रखते हैं। जो चाहोगे वह पाओगे, मेहनत करो। यहां हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट बन सकता है। उन्होंने कहा कि सपनों को साकार करने के लिए हम अपनी आदतें बनाते हैं और फिर वही आदतें हमारा भविष्य बनाती हैं। सपने साकार करने के लिए अच्छे आदर्श आचार एवं विचारों का अनुसरण करें। जीवन में विफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए और बार-बार सच्चे मन से किया गया प्रयास सफलता अवश्य दिलाता है, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। इस दौरान डीपीसी व्योमेश शर्मा, प्रोग्रामर हितेन्द्र शर्मा, जिला समन्वयक विवेक शर्मा, एपीसी संतोष सिंह कुशवाह, एपीसी अभय सिन्हा, मुकेश सहित अन्य अधिकारी, बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## सांटा गांव के युवाओं ने गांव के ही महादेव मंदिर पर डांक कांवर चढाकर किया जलाभिषेक!

**पुष्पांजली टुडे**



हरिद्वार से ग्राम सांटा तहसील जौरा जिला मुरैना (म.प्र.) में गांव के युवाओं द्वारा डांक कांवर लाकर गांव के ही महादेव मंदिर पर डांक कांवर चढाकर जलाभिषेक किया!

## 15 अगस्त को भारतीय मजदूर संघ जिला के द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर राजराजेश्वरी माता मंदिर पर स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर झंडा वंदन का कार्यक्रम आयोजित हुआ

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। 15 अगस्त के शुभ अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिला गवालियर के द्वारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर राजराजेश्वरी माता मंदिर पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर झंडा वंदन का कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख श्री भू दयाल पाठक की उपस्थिति में भारतीय मजदूर संघ के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर सुधीर चतुर्वेदी के द्वारा झंडा वंदन किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजयंत नायक के द्वारा किया गया आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर सुधीर चतुर्वेदी , विभाग प्रमुख ग्वालियर दतिया श्री भू दयाल पाठक , सेवानिवृत्ति अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के संरक्षक बसंत पुरोहित ,भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा , पर्यावरण मंच के जिला संयोजक राजेश शर्मा , सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा, जिला मंत्री श्री केसी शर्मा , बिजली कंपनी की ओर से एबीएस कुशवाहा , जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह राजावत, जिला सह मंत्री विजय राठौर ,के साथ-साथ अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता बंधु ध्वजारोहण के कार्यक्रम में उपस्थित हुए ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय गान के बाद मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सुधीर चतुर्वेदी एवं भू दयाल पाठक वं पेंशनर्स महासंघ के जिला मंत्री के शर्मा जी के द्वारा अपने अपने विचार राष्ट्रहित में रखें देश को आजादी कितनी क्रांतियों वह शहीदों के बाद मिली उन सभी शहीदों वाह राष्ट्रीय ध्वज को भी नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर अपना उद्बोधन दिया गया÷15 अगस्त, 1947 को हमको स्वतंत्रता मिली। अंग्रेजों से हमने अपने देश को अपने हाथ में ले लिया। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है और हमारे लिए संकल्प का भी क्षण है। यह यकायक नहीं हुआ। हमने लिया, किसी की कृपा से नहीं मिला, लंबा संघर्ष करने के बाद मिला। वो तंत्र तो हमको मिल गया, लेकिन अब उसको स्व-तंत्र बनाना है। स्व-तंत्र होना यानि सब मामलों में स्व-निर्भर होना पड़ता है। हमारा राष्ट्रध्वज बताता है, हमको कैसा देश गढ़ना है। वो देश दुनिया में बड़ा होगा तो क्या होगा, वो अन्य लोगों पर राज नहीं करेगा, डंडा नहीं चलाएगा। वो तो अपने त्याग से दुनिया को गढ़ेगा, दुनिया के हित के लिए त्याग करेगा। हम यह सब समाज की, मानवता की, पर्यावरण की, सृष्टि की धारणा का धर्म पालन करके करेंगे इसके लिए हमको परिश्रम करना है। आने वाले दिनों में, ये नहीं पूछना कि मुझे क्या मिलेगा, मेरा देश मुझे क्या देता है, मेरा समाज मुझे क्या देता है।

## दुनिया मे कहीं भी डोलो यही मंत्र हित बोलो श्री रामा रामा सीताराम राम राम-डॉ सुरेश चन्द्र शास्त्री

### काँक्षी सरकार पर शुरू हुई दिव्य श्रीमद भागवत कथा निकली भव्य कलश यात्रा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**




**दबोह।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मजिस्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित काँक्षी सरकार के दरबार मे पूज्य संत श्री श्री 1008 रामशरण दास जी महाराज की साकेत धाम गमन की स्मृति में श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार की अध्यक्षता में कांक्षी सरकार के प्रतिनिधि बालकृष्ण दास उर्फ प्रभू जी महाराज के सानिध्य में श्री मदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार से हो गयी है।भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा जल भरकर नगर में सभी मंदिरों पर परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा बड़े ही धूम धाम से निकाली गई एवम श्री मदभागवत महापुराण की पूजा अर्चना की गई।

## विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा ने धूमधाम से मनाया विंध्य के लाड़ले नेता रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल जी का जन्मदिन व्यापारियों ने दी बधाई

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा (सम्भागीय ब्यूरो )**




**रीवा।** विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा ने धूमधाम से मनाया विंध्य के लाड़ले नेता रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल जी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिवा कॉम्प्लेक्स सब्जी मण्डी फोर्ट रोड में मनाया गया ! केक कटवाकर, साफा,माला पहनाकर ,पुष्प गुच्छ देकर,बैंड बाजा पटाखे के साथ अभिनंदन किया और सभी व्यापारी भाईयो ने मिल कर जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर जरूरतमंदों को जूते चप्पल, साड़ी,सलवार सूट, कुर्ती लेगी, कपड़े, बच्चो और बड़ो के शर्ट पैंट,जैकेट, कुर्ता पैजामा बरसात व धूप से बचने की लिए त्रिपाल, बर्तन,साथ में खाने के लिए फल व दाल चावल बाटा गया। साथ साथ कोतवाली थाना प्रभारी का भी सम्मान हुआ ।भैया जी को बधाई देने उपस्थित रहे नरेश काली अध्यक्ष विंध्य व्यापारी महासंघ, चंदीराम केसवानी,अनिल बुधवानी,कमलेश सचदेव,पप्पू मजानी, राजन वर्मा घनश्याम ताम्रकार नरेंद्र गुप्ता महेंद्र ठारवानी,साधु राम मखीजा,अजय माधवानी, पिंटू सोनी, सुधांशु पाठक, संदीप गुप्ता, मनीष गहोई ,अनीश खान, अकरम खान, आरिफ खान, राजू खान,अमित ठारवानी,अमित सासवानी, अन्नू आहूजा,विजय ठारवानी,राम तनवानी, रवि झमवानी,अमित आहूजा,शिबू झमवानी,बाबू पंडित,संजू तनवानी,जीतू पुरस्वानी,जीतू रमेजा, दुली वर्मा,,विनोद पठान, राजेश वाधवानी,श्याम वाधवानी, रंजीत ठारवानी, सूरज वाधवानी,सौरभ डिगवानी, सोनू मधु स्वीट, रामेश्वर सोनी,बाबू मोहनानी ,अश्वनी वाधवानी, रमेश वाधवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## रीवा जिले में 4.8 मिलीमीटर वर्षा से मिली राहत

### जिले में अब तक 463.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। जिले में पिछ्ले 10 दिनों से वर्षा न होने के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हुई। खरीफ की फसलों के लिए भी पानी की बहुत आवश्यकता थी। जिले में 18 अगस्त को 4.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। शाम में हुई इस वर्षा से फसलों को राहत मिली है। तापमान में भी कमी आई है। जिले में एक जून से अब तक कुल 463.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 575 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 385.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 686 मिलीमीटर, सिरमौर में 382.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 166 मिलीमीटर, मऊगंज में 494.4 मिलीमीटर, हनुमना में 420.8 मिलीमीटर, सेमरिया में 425 मिलीमीटर, मनगवां में 667 मिलीमीटर, जवा में 450.2 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी तहसील में 448 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 374.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## रीवा कलेक्टर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का डीपीएफ लेखा अपडेट करने के दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये हैं कि विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का डीपीएफ (विभागीय भविष्य निधि) लेखा वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 जिसमें पटवारी भी शामिल हैं, का लेखा कोषालय अधिकारी के लॉगिन पासवर्ड से अपडेट करना है। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारियों को जानकारी भेजने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन अभी भी कुछ राजस्व अधिकारियों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के डीपीएफ लेखा की जानकारी नहीं भेजी है। जिससे अपडेशन नहीं हो सका है और डीपीएफ भुगतान में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि कार्यालय द्वारा डीपीएफ लेखा तैयार न करना बड़ी वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आती है। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार नईगढ़ी ने 4 कर्मचारियों, तहसीलदार हुजूर ने पांच कर्मचारियों, तहसीलदार सिरमौर में 7 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 7 कर्मचारियों तहसीलदार मनगवां ने 12 कर्मचारियों की डीपीएफ की जानकारी अब तक नहीं भेजी है। इसी प्रकार तहसीलदार जवा ने 5 कर्मचारियों, तहसीलदार मऊगंज ने 5 कर्मचारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जवा ने 8 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मऊगंज के कार्यपालन यंत्री ने 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का डीपीएफ लेखा की जानकारी अब तक प्रेषित नहीं की है।

## मऊगंज कलेक्टर ने सिविल अस्पताल मऊगंज का किया औचक निरीक्षण





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** नवगठित मऊगंज जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने आज सिविल अस्पताल मऊगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकीय सुविधा सहित अस्पताल में साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा मरीजों से उनको मिलने वाले उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बीएमओ को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को पूरी संवेदना के साथ चिकित्सकीय सुविधा मिले तथा उनके परिजनों को अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था में कमी होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि अस्पताल सहित पूरे परिसर में सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को अस्पताल में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें पूरी चिकित्सकीय सुविधा मिले। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा रेंज श्री मिथिलेश शुक्ला द्वारा किया गया तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गईदैनिक पुष्पांजलि टुडे

**विवेक तिवारी (सम्भागीय ब्यूरो)**




आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को मद्देनजर रखते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में एक दिवसीय चुनाव प्रशिक्षण संभाग स्तर पर दिनांक 17 एवं 18 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है । प्रशिक्षण के प्रथम दिवस आज दिनांक 17 /8/2023 को संभाग के विभिन्न जिलों से आए उपनिरीक्षक से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तक के 57 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा रेंज श्री मिथिलेश शुक्ला द्वारा किया गया तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों को एसपी रीवा श्री विवेक सिंह ,एसपी पीटीएस रीवा श्री सुरेंद्र कुमार जैन ,उप सेनानी 9वीं वाहिनी श्री आलोक शर्मा, एसडीओपी सिरमौर श्री उमेश प्रजापति, आर आई रीवा वंदना सिंह ,निरीक्षक राधिका प्रसाद द्विवेदी द्वारा चुनाव ड्यूटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई ।कार्यक्रम के समापन पर कमिश्नर रीवा श्री अनिल सुचारी तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रीवा जोन श्री केपी वेंकटेश्वर राव द्वारा भी जिलों में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश एवं जानकारियां दी गई तथा कार्यक्रम का समापन किया गया। दिनांक 18 /8 /2023 को भी चुनाव संबंधी प्रशिक्षण जिलों से आए अन्य प्रशिक्षुओ को प्रदान किया जाएगा। ताकि विभिन्न जिलों के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षक तैयार किया जा सके।

## लोकायुक्त रीवा की बड़ी ट्रैप कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा (सम्भागीय ब्यूरो)**



आरोपी

**रीवा।** शिकायतकर्ता बालेंद्र कुमार शुक्ला जो की आईटीआई कॉलेज रीवा का परचेज क्लर्क है, से आरोपी प्रभारी प्राचार्य करण सिंह राजपूत द्वारा सामग्री खरीदी के बिलों के भुगतान के आवाज में कमीशन राशि ?50000 मांगी गई थी, इस बात की शिकायत लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक श्री गोपाल सिंह धाकड़ को की गई थी , उन्होंने इस शिकायत का सत्यापन कराया तो यह बात सत्यापित हुई की वास्तविकता में प्रभारी प्राचार्य आईटीआई द्वारा ?50000 की रिश्वत मांगी जा रही है , जिस से ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई थी दिनांक 18.08.2023 को प्रभारी प्राचार्य श्री करण सिंह राजपूत द्वारा शिकायतकर्ता से ?50,000 की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।



नाम आवेदक-बालेंद्र कुमार शुक्ला पिता श्री राम गोपाल शुक्ला पद सहायक ग्रेड 3, परचेज क्लर्क आईटीआई कॉलेज जिला रीवा मध्य प्रदेश आरोपी-श्री करण सिंह राजपूत प्रभारी प्राचार्य शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जिला रीवा

ट्रेप रिश्वत राशि -?50,000

**घटना स्थल-** आईटीआई कॉलेज रीवा स्थित प्राचार्य का कार्यालय कक्ष

ट्रेपकर्ता अधिकारी- प्रमेंद्र कुमार निरीक्षक

**ट्रेप दल के सदस्य -** श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक, श्री प्रमेंद्र कुमार निरीक्षक, सहित 12 सदस्यीय टीम।

## कमिश्नर अनिल सुचारी को मिला प्रशस्ति पत्र और ट्राफी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**



रीवा। रीवा संभाग में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिक कल्याण कोष के लिए लक्ष्य से अधिक राशि संकलित होने पर रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी को सम्मानित किया गया है। प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगूभाई पटेल द्वारा कमिश्नर श्री सुचारी को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी दी गई है। कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर श्री सुचारी को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी गंगा ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी भेंट की। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


## रीवा के सोनू सूद परमजीत सिंह डंग बने, पीड़ति परिवार का सहारा पीड़ित परिवार को दिलाई सुविधा




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। बीते दिनों हार्ड की मरीज पार्वती विश्वकर्मा को शहडोल मेडिकल कॉलेज से उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर किया गया था जहां बीते शाम इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के शव को वापस ले जाने के लिए पीड़ति परिवार के पास पैसे नहीं बचे थे, ऐसे में मृतक के परिजन इधर उधर भटक रहे थे लेकिन उन्हें सरकार की कोई सुविधा मिलती नहीं दिखी ऐसे में पीड़ति परिवार के संबंध में समाजसेवी परमजीत सिंह डंग को जानकारी मिली उन्होंने तत्काल अस्पताल पहुंचकर पीड़ति परिवार की हर संभव मदद की इस दौरान मदद मिलते ही पीड़ति परिवार भावुक हो गया पीड़ति परिवार ने परमजीत सिंह डंग का आभार जताया। बता दें कि करोना के संकट काल में परमजीत सिंह डंग ने अभिनेता सोनू सूद की तरह अपना फर्ज निभाया था उन्हें जैसे ही किसी पीड़ित के बारे में जानकारी मिलती वह तुरंत ही उसकी हर संभव मदद करने का प्रयास करते थे।

## अंबादत्त भारतीय स्मृति समारोह आगामी दिनों में किया जाएगा



सीहोर। हर साल की तरह अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक संयोजक तथा अंबादत्त भारतीय स्मृति समारोह के आयोजक वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया के परिवार में ग़मी हो गई है। इस कारण इस वर्ष 23 अगस्त को आयोजित होने वाले समारोह को स्थगित किया गया है। समारोह की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी। इस संबंध में समारोह के कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के द्वारा भव्य रूप से आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में जिले ही नहीं पूरे प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार आते है। इसकी तैयारियां की जा रही है।

## कलेक्टर मऊगंज ने प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवास गृह निर्माण की समीक्षा की

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**



रीवा। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत बनाए जाने वाले कलेक्टर कार्यालय एवं शासकीय आवास निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले निर्माण कार्य की संक्षेपिका तैयार करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तुत किए जाने वाले पीपीआर में कलेक्टर कार्यालय सहित आवास गृहों में सभी आवश्यक जरूरतों का समावेश किया जाए। उन्होंने प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के भूमि का स्थल निरीक्षण भी किया। बैठक में कलेक्टर ने मऊगंज अस्पताल परिसर में निर्मित होने वाले ब्लॉक प्राइमरी यूनिट बनाने में अवरोध डालने वाले पुराने जर्जर भवनों को तत्काल हटाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के कार्यपालन यंत्री तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत-आयरलैंड सीरीज को लेकर लोगों में भारी उत्साह, पहले दो मैचों के पूरे टिकट बिके

**डबलिन।** भारतीय क्रिकेटरों की वैश्विक लोकप्रियता ने क्रिकेट आयरलैंड जैसे उदीयमान क्रिकेट बोर्ड की चांदी कर दी है और पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के सारे टिकट बिक गए हैं। क्रिकेट आयरलैंड ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'भारत और आयरलैंड के बीच पहले दो टी20 मैचों के शत प्रतिशत टिकट बिक गए हैं और तीसरे मैच के टिकट तेजी से बिक रहे हैं।'

सभी मैच 'द विलेज' मालाहाइड क्रिकेट क्लब मैदान पर होंगे जिसकी क्षमता 11500 दर्शकों की है। इंग्लैंड में 2009 में टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आयरलैंड को आठ विकेट से हराने के बाद से भारत ने अब तक आयरलैंड के खिलाफ पांचों टी20 मैच जीते हैं।

पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी वाली आयरलैंड टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लोरकान टकर ने कहा कि उन्हें भारत से मिलने वाली कड़ी चुनौती का अहसास है। उन्होंने कहा, 'खास अनुभव हो रहा है चूंकि बड़ी टीम खेलने आ रही है। यहां भारत को काफी समर्थन मिलेगा लेकिन इतनी बड़ी तादाद में दर्शकों का आना आयरलैंड में क्रिकेट के लिए अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'टीम इन बड़े मैचों को लेकर काफी रोमांचित है। हमने विश्व कप में खेला है और भारत के खिलाफ पहले भी खेल चुके हैं। हमें पता है कि ऐसे बड़े दबाव वाले मैचों में कैसा लगता है।' उन्होंने कहा, 'हमने इस साल काफी क्रिकेट खेली है और हम तैयार हैं। हमने स्कॉटलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई भी किया है। हर कोई रोमांचित है।' इस श्रृंखला के जरिये भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी भी होगा जो एक साल तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद अब टीम की कप्तानी करेंगे। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत को वेस्टइंडीज ने हाल ही में टी20 श्रृंखला में 3.2 से हराया।

## जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन से खेलेगा भारत

**डसेलडोर्फ ।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन के खिलाफ मुकाबले से विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। भारत का सामना 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी से होगा। इसके दो दिन बाद टीम इंग्लैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमों का सामना 22 अगस्त को फाइनल में होगा।

भारतीय जूनियर टीम ने जून में ओमान में जूनियर एशिया कप जीतकर दिसंबर में कुआलालम्पुर में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2.1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था। अभ्यास शिविर में चोटिल हुए उत्तम सिंह की जगह विष्णुकांत सिंह भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' हमारे पास मजबूत और अनुभवी खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों की लय हम कायम रखेंगे।'

उन्होंने कहा, 'हमें आत्मविश्वास हासिल करने के लिये जीत के साथ आगाज करना होगा। यह टूर्नामेंट विश्व कप से पहले यूरोप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलकर अनुभव हासिल करने के लिये अहम है।'भारत को पिछली बार 2019 में मैड्रिड में अंडर 21 टूर्नामेंट में स्पेन ने 3.1 से हराया था। स्पेन और भारत 2016 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन भारत ने जीते। जर्मनी और भारत ने 2013 के बाद से चार मैच खेले जिनमें से भारत ने तीन मैच जीते हैं।

## एलपीएल 2023 में धमाल मचा रहे मथीशा पथिराना, बोले- धोनी ने जो सिखाया वो काम आ रहा

**कोलंबो।** श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने एक गेंदबाज के रूप में उनके विकास में भूमिका के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनीकी प्रशंसा की है। पथिराना ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई के लिए पदार्पण किया और अपने पहले ही सीजन में वह टीम के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज रहे। पथिराना ने चेन्नई में अपने अनुभव पर कहा कि एक युवा खिलाड़ी के रूप में अगर कोई आपको इस तरह का आत्मविश्वास देता है तो यह आपके करियर को आगे बढ़ाता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं।लंका प्रीमियर लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स के लिए खेलने वाले पथिराना मौजूदा सीज़न में 12 विकेट के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। श्रीलंका ने अभी एशिया कप के लिए स्क्वाड की घोषणा नहीं की है, हालांकि पथिराना घरेलू सरजमीन पर होने वाले एशिया कप और उसके बाद भारत में होने वाले विश्व कप में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।बहरहाल, पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताए गए समय पर कहा कि मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं।

## एफसी बार्सिलोना के खेल निदेशक नियुक्त हुए एंडरसन लुइस डी सूजा

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने अपने पूर्व खिलाड़ी एंडरसन लुइस डी सूजा 'डेको' को क्लब का खेल निदेशक नियुक्त किया है। एंडरसन माटेउ अलेमानी की जगह लेंगे। बार्सिलोना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 2004-2008 के बीच बार्सा के लिए खेलने वाले डेको ने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है।

क्लब ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को कहा,डेको एफसी बार्सिलोना के खेल दर्शन को स्थापित करने और कोच और कोचिंग के साथ टीम को एक साथ लाने और फुटबॉल अनुभाग का प्रमुख बनने के प्रभारी होंगे। वहीं, अलेमानी बार्सिलोना में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, जिन्होंने वित्तीय निष्पक्ष खेल सीमाओं के कारण



समस्याओं का सामना करने के बावजूद क्लब को स्थानांतरण बाजार में आगे बढ़ने में मदद की है। वह रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, रफिन्हा, इनिगो मार्टिनेज और इल्के गुंडोगन जैसे खिलाड़ियों को बार्सा टीम में लाने और वित्तीय सीमाओं के बावजूद गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों को साइन करने में सफल रहे हैं।

## घुटने की चोट के कारण वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हुए पृथ्वी शॉ

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड में चल रहे वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने एक बयान में कहा अपने छोटे से कार्यकाल में पृथ्वी ने एक क्लब के रूप में हम पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि वह इस प्रतियोगिता के शेष भाग के लिए हमारे साथ नहीं रहेंगे। वह एक अत्यंत विनम्र युवक है, वह बहुत सम्मानित है और नॉर्थम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिए बहुत आभारी हैं।

उन्होंने कहा, 'मैदान पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारे ड्रेसिंग रूम में भी उनका बहुत बड़ा प्रभाव था। हम उनके अच्छे होने की कामना करते हैं और उम्मीद



करते हैं कि हम उन्हें जल्द ही फिर से रन बनाते हुए देखेंगे।' शॉ ने 153 गेंदों में 244 रन की शानदार पारी खेली, जिससे नॉर्थम्पटनशायर को पिछले हफ्ते समरसेट पर 87 रन से जीत दर्ज करने में मदद मिली। इसके बाद उन्होंने डरहम के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। बता दें कि वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए चयनकर्ताओं ने भारतीय सलामी बल्लेबाज की अनदेखी की थी।23 वर्षीय शॉ ने आखिरी बार भारत के लिए तब खेला था जब मेन इन ब्लू ने जुलाई 2021 में श्रीलंका का दौरा किया था।

## विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुई टोक्यो ओलंपियन भावना जाट

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपियन भावना जाट 12 महीने के भीतर तीन डोप परीक्षण विफलता के बाद बुडापेस्ट में 19 से 27 अगस्त तक होने वाले विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं और अब वह स्वदेश लौटेंगी। भावना, जो विश्व चैंपियनशिप में 20 किमी रेस वॉक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय एथलीट थीं, को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अनुसार, तीन तीन डोप परीक्षण में विफलताओं के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से चैंपियनशिप में जगह बनाई और इस साल कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर अच्छी फॉर्म में हैं। जुलाई 2023 में, भावना ने प्रियंका गोस्वामी को हराकर



राष्ट्रीय अंतर-राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 जीती। उन्होंने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए 1:37:03 का समय लिया। 2023 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फरवरी में रांची की नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में आया, जहां उन्होंने 1:29:44 का समय निकाला।इसके अलावा, मार्च में ऑल जापान रेस वॉकिंग इवेंट में उन्होंने 1:36:20 का समय निकाला। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के नियमों के अनुसार, एक एथलीट को 12 महीने के भीतर तीन बार डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। यदि ऐसा है तो उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि भावना जाट ने जुलाई 2022 विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था। एएफआई ने उन्हें राष्ट्रमंडल खेल 2022 पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हटने के लिए कहा था। भावना ने 10,000 मीटर रेस वॉक में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया और 2022 में खेलों में 8वें स्थान पर रहीं।

## अल्काराज ने साल की 50वीं जीत दर्ज की, सिनसिनाटी ओपन के दूसरे चरण में थॉम्पसन को हराया

**मेसन ।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन 2023 के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के जॉडर्न थॉम्पसन को हराकर इस साल की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज़ ने मंगलवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया, हालांकि उनकी अर्द्धशतकीय जीत की खुशी उनके औसत दर्जे के प्रदर्शन के नीचे छुप गयी। शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज़ विश्व के नंबर 55 खिलाड़ी थॉम्पसन के खिलाफ लयविहीन नजर आए।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 5-2 की बढ़त बनाने के बाद पहला सेट हार गए, लेकिन अल्काराज की अप्रत्याशित गलतियों की सहायता से दूसरा सेट 6-4 से जीतने में कामयाब रहे। वर्षाबाधित मैच में अल्काराज़ ने अंततः तीसरा सेट शुरू होने से पहले अपनी लय हासिल की और सिर्फ आधे घंटे में सेट जीतकर जीत अपने नाम की।

अल्कराज ने कहा, 'यह आसान मैच नहीं था लेकिन अंत में मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर मिला। हम मैच खेलने के लिये पूरे दिन इंतजार कर रहे थे। फिर जब आप कोर्ट पर कदम रखते हैं तो आपको बारिश से शुरुआत करनी होती है, इसलिए यह आसान नहीं था। आपको इस प्रकार की स्थिति में इन मैचों को जीतने का तरीका ढूंढना होगा।' अल्काराज़ की 50वीं जीत इस साल उनके 12वें टूर्नामेंट में आई है, जबकि पिछले साल उन्हें 50 विजयों के लिए अपने 14वें टूर्नामेंट अमरीकी ओपन का इंतजार करना पड़ा था।

## नार्दर्न रेलवे ने केडी सिंह बाबू सोसाइटी को दी मात

**लखनऊ।** हाकी लीग सीनियर चैम्पियनशिप में नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन ने के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को नौ-एक से मात दे दी। इस मैच में शुरू से ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ी हावी रहे और अंत तक के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को बढ़त नहीं होने दी।

नार्दर्न रेलवे के कप्तान ओ.पी पाल ने अपने खिलाड़ियों का जाल कुछ इस तरह बिछाया था कि के.डी सिंह बाबू सोसाइटी के खिलाड़ी उसी में उलझकर रह गये। पांचवें मिनट में ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पहला गोल कर दिया। इसके बाद के.डी. सिंह के खिलाड़ी अभी बराबरी के लिए जूझ रहे थे कि 15 मिनट में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पुनः एक गोल कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। इसके बाद पुनः 21वें मिनट



में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने एक गोल दाग दिया। 22वें मिनट में के.डी. सिंह बाबू के खिलाड़ियों ने एक गोल किया, लेकिन इसके बाद वे कोई गोल नहीं कर सके। नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने 23वें मिनट, 27वें मिनट, 39वें मिनट, 50वें मिनट, 51वें मिनट और 57वें मिनट में गोल दागकर मैच को नौ-एक से जीत लिया।

अब तक हुए मैच में लखनऊ कमिश्नरेट ने 10 प्वाइंट हासिल किये हैं, जबकि नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन और के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी ने छह-छह अंक हासिल किये हैं। वहीं गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने चार अंक और इस्लामिया कालेज लखनऊ ने तीन अंक हासिल किये हैं।

## हर मैदान के रहस्य होते हैं, मुझे भी यह सीखने पड़े थे- विंडीज दौरे पर बोले रविचंद्रन अश्विन

**चेन्नई।** अनुभवी भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि विंडीज में टी20 सीरीज गंवा चुकी टीम इंडिया के प्लेयरों की आलोचना करना सही नहीं है। भारत की युवा टीम को टी20 श्रृंखला में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम इंडिया ने टेस्ट श्रृंखला 1-0 जबकि एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी। हालांकि अश्विन ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए कैरेबिया में खेलना आसान नहीं था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सोशल मीडिया पर टीम की आलोचना करना बेहद आसान है क्योंकि वे ऐसी टीम से हार गए जिसने पिछले टी20 विश्व कप (सुपर 12) और 50 ओवर के विश्व कप (इस साल होने वाले) के लिए क्वालीफाई नहीं किया। सभी देशों के मैदान के कुछ रहस्य होते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ी मेहमान टीम के खिलाड़ियों की तुलना में इन छोटी चीजों को कहीं बेहतर जानते हैं विशेषकर तब जब मेहमान टीम के खिलाड़ी युवा हों। जब मैंने पहली बार वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तो मुझे कई छोटी-छोटी चीजें सीखनी पड़ी थी। अश्विन ने कहा कि बहुत से युवाओं ने जब पहली बार वेस्टइंडीज का दौरा किया तो उन्होंने बहुत-सी चीजें सीखी होंगी। वे क्रिकेटर के रूप में बेहतर बनेंगे। वे निश्चित रूप से बेहतर होंगे। उन्होंने कहा- जाहिर है सीरीज हारने के बाद, कई लोग आलोचना कर रहे हैं और परेशान हैं। यह ठीक है और समझ में आता है। मुझे लगता है कि यह उचित है। लेकिन हम इस हार को 2 दृष्टिकोण से देख सकते हैं। कई खिलाड़ियों ने भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।अश्विन ने कुछ युवाओं की प्रशंसा की जिनके बारे में उनका मानना है कि वे भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की विशेष तौर पर प्रशंसा की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय रहे। इसके अलावा उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि तिलक वर्मा का एक बल्लेबाज के रूप में उभरना (सकारात्मक है)। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसने गेंद से भी कमाल दिखाया। सूर्यकुमार यादव ने टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

## संजू सैमसन को लग सकता है बड़ा झटका, एशिया कप टीम से बाहर होना लगभग तय

**नई दिल्ली।**स्टार भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में अब उनके भारत की एशिया कप टीम में जगह बना पाना लगभग ना के बराबर हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक संजू सैमसन आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाएंगे। एशिया कप 30 अगस्त से मुल्तान में शुरू होगा। यह टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल में खेला जाएगा जिसके अधिकतम में श्रीलंका में होंगे क्योंकि भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। जानकारी के मुताबिक अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली टीम सिलेक्शन कमेटी रविवार 20 अगस्त को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का



ऐलान करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने टी20 में 12, 7 और 13 रन बनाए जबकि इससे पहले दो वनडे मैचों में 9 और 51 रन बनाए थे। ऐसे में वह 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने से चुक सकते हैं।

एशिया कप में भारत अपने अभियान की शुरूआत 2 सितम्बर से पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। इस साल यह टूर्नामेंट वनडे फार्फेट के रूप में खेला जाएगा। यहां तक वनडे विश्व कप 2023 के लिए टीम का ऐलान है तो वह एशिया कप के बाद ही होगा।

### संजू सैमसन के बाहर होने का कारण

खराब फॉर्म के अलावा सैमसन के बाहर होने का मुख्य कारण इशान किशन का फॉर्म में होना है। उन्होंने वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की है। उनका 13 वनडे में औसत 55.71 है। रिपोर्ट के मुताबिक एशिया कप 2023 के लिए सिलेक्शन कमेटी प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में मौका दे सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड महिला विश्वकप के फाइनल में, अब मुकाबला स्पेन से

**सिडनी ।** इंग्लैंड ने यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना स्पेन से होगा। ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार सैम केर टूर्नामेंट में पहली बार शुरूआती एकादश में शामिल थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल भी किया लेकिन यह यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले हाफ में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा रहा। इला टूने ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को 1-0 से बढ़त दिला दी। केर ने 63वें मिनट में बराबरी का गोल किया जिससे स्टेडियम में मौजूद 75 हजार से अधिक दर्शकों ने राहत की सांस ली।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही। लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी जबकि एलेसिया रुसो ने नियमित समय का खेल समाप्त होने से चार मिनट पहले गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं। इन दोनों टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में स्वीडन से भिड़ेगा।

## विश्व कप को लेकर भारत की तैयारी पर बोला पूर्व पाकिस्तानी विकेटकीपर, दिया बड़ा बयान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा है कि अगर भारत विराट कोहली को अपना कप्तान बनाए रखता तो वे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार होते, जो भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच आयोजित किया जाएगा।

भले ही भारत घरेलू धरती पर शोपीस इवेंट की तैयारी कर रहा है लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन के लिए चोटें परेशानी का कारण बनी हुई हैं। श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और ऋषभ पंत सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस और उपलब्धता अभी भी सवालिया निशान हैं। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व करने के लिए लौट आए हैं, लेकिन प्रतिष्ठित आयोजन में उनकी भागीदारी निश्चित नहीं है।

इसके अलावा संजू सैमसन, इशान किशन और सूर्यकुमार यादव जैसे युवा या गैर-नियमित खिलाड़ियों को 50 ओवर के अंतरराष्ट्रीय मैचों में अधिक अनुभव देने के लिए बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को हाल ही में समाप्त हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान आराम दिया गया था। 50 ओवरों की टीम से उनकी अनुपस्थिति, विश्व कप से पहले



बहुमूल्य खेल समय गंवाने से प्रशंसकों की आलोचना हुई। विश्व कप आने और प्रमुख खिलाड़ियों की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं होने के कारण, कई प्रशंसकों को डर है कि मेजबान टीम अनुभव की कमी वाली टीम के साथ उच्च जोखिम वाले आयोजन में जा सकती है।

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में लतीफ ने कहा, अगर उन्होंने विराट कोहली को कप्तान बने रहने दिया होता तो भारत इस समय तक वर्ल्ड कप के लिए 100 फीसदी तैयार हो चुका होता। विराट ने 95 एकदिवसीय मैचों में भारत का नेतृत्व किया जिनमें से 65 जीते, 27 हारे और एक बराबरी पर रहा, जबकि 2 का कोई नतीजा नहीं निकला। कप्तान के रूप में उनका जीत प्रतिशत 68.42 था।

पाकिस्तान के लिए 1996 और 2003 विश्व कप में भी भाग लेने वाले लतीफ ने कहा कि भारत अपनी टीम के चयन के कारण संघर्ष कर रहा था और नए खिलाड़ियों को टिकने की अनुमति नहीं देने के कारण वेस्टइंडीज के हाथों 2-3 टी20 सीरीज हारे। उन्होंने कहा, भारतीय टीम प्रबंधन ने कहा है उन्होंने कई खिलाड़ियों के साथ प्रयोग किया और अगर मैं उनकी बल्लेबाजी की बात करूं तो मध्य और निचले क्रम नंबर 4 से 7 तक उन्होंने किसी भी नए खिलाड़ी को जमने नहीं दिया। बहुत सारे बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे चोटिल सीनियर खिलाड़ियों पर निर्भरता जोखिम भरी हो सकती है। उन्होंने कहा,मैं कहूंगा कि यह जोखिम भरा है क्योंकि केएल और अय्यर चोटों से वापसी कर रहे हैं। टूर्नामेंट के दौरान अच्छे प्रभाव के लिए देश स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे स्ट्रोक लगा सकते हैं। एक क्षेत्र जहां मुझे लगता है कि एशियाई टीमों को इन टीमों से मुकाबला करने के लिए संघर्ष करना होगा, विशेष रूप से बीच के ओवरों में जब तेज स्ट्राइक रेट की भी आवश्यकता होती है। लतीफ ने कहा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आजकल स्पिनरों के खिलाफ रिवर्स स्वीप और स्विच शॉट्स को बहुत घातक बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिल जैसे इंग्लिश स्पिनर राशिद और मोईन अली अपने विकेट खरीदते हैं जबकि एशियाई स्पिनर अच्छी इकॉनमी रेट बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। आदिल राशिद जैसा गेंदबाज या मोईन अली जैसा कोई व्यक्ति उनके विकेट खरीदता है जबकि हमारे स्पिनर किफायती गेंदबाजी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप में सबसे करीबी मुकाबला होता है और मुझे नहीं लगता कि एशियाई टीमों को कोई अतिरिक्त बढ़त मिलेगी क्योंकि यह भारत में आयोजित किया जा रहा है।

# अमिताभ चाहते हैं उनके लिए वैनिटी वैन डिजाइन करें गौरी



'कौन बनेगा करोड़पति' के 15वें सीजन की मेजबानी कर रहे मेगास्टार अमिताभ बच्चन चाहते हैं कि निर्माता और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान उनके लिए उनकी वेनिटी वेन डिजाइन करें। अमिताभ ने कहा कि लेकिन अभी उन्होंएने ऐसा किया नहीं है। एक एपिसोड के दौरान बिग बी ने प्रतियोगी कपिल देव से एक सवाल पूछा, "इस पुस्तक की लेखिका किस मशहूर शख्सियत की पत्नी है"?

किताब का नाम 'माई लाइफ इन डिजाइन' था। प्रतियोगी को दिए गए विकल्पों में सचिन तेंदुलकर, शाहरुख खान, अक्षय कुमार और चेतन भगत के नाम थे। प्रतियोगी ने सही उत्तर देते हुए इसका जवाब दिया- शाहरुख खान। 'माई लाइफ इन डिजाइन' गौरी खान ने लिखी थी। बिग बी ने प्रतियोगी को जवाब दिया कि, मुझे आपके खेलने का तरीका पसंद है। आपका निर्णय अच्छा है।

अभिनेता ने आगे कहा, इस बुक में वह एक डिजाइनर के रूप में अपने परिवार की विशेष तस्वीरें प्रस्तुत करती हैं, और यह उनकी यात्रा को दर्शाती हैं। वह एक होम डिजाइनर हैं। मैंने उनके डिजाइन भी देखे हैं। बच्चन ने कहा, कुछ दिन पहले मैं शाहरुख के साथ शूटिंग कर रहा था और बात करते-करते मैं उनकी वेन में चला गया। उनकी वेन बहुत खूबसूरत है। यह बहुत अच्छी तरह से डिजाइन की गई है, इसमें एक टीवी, टेबल और कुर्सियां हैं। मेकअप के लिए भी जगह है और शोचालय भी है। यह अद्भुत है।

शाहरुख ने कहा कि इसे गौरी ने डिजाइन किया है, तो मैंने उनसे कहा, मेरी वेन भी डिजाइन करने के लिए आप उनसे कहेंगे।" बिग बी ने हंसते हुए कहा लेकिन गौरी अभी तक नहीं आई हैं। इसके बाद अभिनेता ने प्रतियोगी की मूंछों की तारीफ करते हुए कहा, ₹मूंछ हो तो नत्थूलाल जैसी, वरना न हो₹। इस सीजन में नई लाइफलाइन 'सुपर सैंडूक' और 'डबल डिप' को जोड़ा गया है। इसका प्रीमियर सोनी टीवी पर होगा।

# फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का दूसरा गाना नाच रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का दूसरा गाना नाच रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 में काम कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है। हाल ही में फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का पहला गाना दिल का टेलीफोन 2.0 रिलीज हुआ था। अब फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का दूसरा गाना नाच भी रिलीज हो गया है,जिसमें आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। इस गाने को नकाश अज़ीज़ ने अपनी आवाज़ दी है। जबकि तनिष्क बागची ने म्यूजिक दिया है।

# 'देवरा' से सैफ अली खान का लुक रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। एनटीआर जूनियर अभिनीत 'देवरा' अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म में सैफ अली खान भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। एनटीआर जूनियर ने फैंस को फिल्म देवरा में सैफ अली खान के 'भेरा' नाम के किरदार से परिचित कराया और फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया। पोस्टर में सैफ को शांत पानी और पहाड़ियों की पृष्ठभूमि में खड़े देखा जा सकता है। फिल्म देवरा से सैफ अली खान का लुक शेयर करते हुए एनटीआर जूनियर ने लिखा, "भेरा जन्मदिन मुबारक हो सैफ सर! 'देवरा' कोराटाला शिव द्वारा निर्देशित, युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत है।



# अमीषा पटेल की फिल्म मिस्ट्री ऑफ टैटू का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म मिस्ट्री ऑफ टैटू का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 हाल ही में प्रदर्शित हुयी है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हो गयी है। अमीषा अब फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में नजर आयेगी जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है।फिल्म के ट्रेलर में देखा जा सकता है कि एक शख्स जिसके हाथ पर टैटू बना है, उसको लेकर कई सारे रहस्य जुड़े हैं।

इस फिल्म में अमीषा पटेल गेस्ट अपीयरेंस में मोजूद हैं, जबकि रोहित राज, डेजी शाह और मायरा सरीन 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में अहम किरदारों में दिखाई देंगी।अर्जुन रामपाल भी इस फिल्म में गेस्ट अपीयरेंस में नजर आएंगे, जो एक टैटू आर्टिस्ट की भूमिका निभा रहे हैं। रोहित राज इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में रोहित राज एक एडवोकेट की भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म की कहानी मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। जिसमें किलर लोगों का मर्डर करने के बाद उसके शरीर पर एक टैटू बना देता है। ट्रेलर की शुरुआत लंदन पुलिस के सीन से होती है। जिसके बाद मर्डर मिस्ट्री दिखती है। जहां किलर लोगों को जान से मारने के बाद उनके शरीर पर टैटू बना देता है। फिर ट्रेलर में डेजी शाह की एंट्री होती है, जो मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में पुलिस की मदद करती नजर आ रही हैं। जिसके बाद सीन में एडवोकेट बने रोहित राज दिखाई देते हैं। ट्रेलर में अमीषा पटेल अर्जुन रामपाल की भी झलक दिखाई देती है। कलेयारासी सथप्पन ने इस फिल्म से बतौर निर्देशक बॉलीवुड डेब्यू किया है।

विचार पेज का शेष

# क्यों घटी अरबपतियों की संपत्ति?

ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिक्स देशों – ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका समेत उभरती अर्थव्यवस्थाओं में संपत्ति में 2027 तक 30 फीसदी की वृद्धि होगी। शोधकर्ताओं ने संभावना जताई है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि से आने वाले सालों में वैश्विक स्तर पर गैरबराबरी में भी कमी आएगी।

पिछले साल जिन संपत्तियों की कीमत सबसे ज्यादा घटी, उनमें वित्तीय संपत्तियां जैसे कि शेयर और स्टॉक्स आदि सबसे ऊपर थे। गैर-वित्तीय संपत्तियां जैसे कि रीयल एस्टेट में वृद्धि नहीं हुई तो कमी भी कोई खास नहीं हुई। अगर इस अनुमान को व्यक्तिगत स्तर पर देखा जाए तो पिछले साल दुनियाभर की प्रति व्यक्ति आय में 3,198 अमेरिकी डॉलर की कमी हुई थी।

लेकिन रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक औसत संपत्ति में 2022 में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई थी, जो लोगों की व्यक्तिगत समृद्धि का ज्यादा अर्थपूर्ण प्रतीक माना जाता है। इसके उलट व्यक्तिगत धन में प्रति वयस्क 3.6 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। इस सदी में अब तक वैश्विक औसत संपत्ति पांच गुना बढ़ चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान चीन में धन की तेजी से हुई वृद्धि का है। 2022 में अमीरों की संपत्ति घटने का एक नतीजा यह रहा कि दुनिया की गैरबराबरी में कुछ कमी आयी। सबसे धनी एक फीसदी लोगों की संपत्ति घटकर 44.5 प्रतिशत रह गयी। रिपोर्ट कहती है कि 2027 तक दुनिया की कुल दौलत 38 फीसदी तक बढ़ सकती है। रियल एस्टेट, स्टॉक्स और शेयर्स जैसी संपत्तियों की कीमत बढ़ने के कारण लोगों की संपत्ति में इस बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। *(साभार-डीडब्ल्यू.कॉम)*

# स्वतंत्रता बची है या महज़ स्वतंत्रता का धोखा?

कई अन्य जानकारों के अनुसार भी राजनीतिक समानता का अर्थ केवल यह नहीं होता कि सभी वयस्क व्यक्तियों को मतदान का अधिकार मिल जाए क्योंकि समानता की प्रतिष्ठा के बगैर मताधिकार का कोई अर्थ नहीं रह जाता। वैसे भी जहां प्रचंड आर्थिक असमानताएं हो, वहां सिर्फ मताधिकार राजनीतिक स्वतंत्रता की गारंटी नहीं दे सकता। क्योंकि उस पर यह सवाल हावी हो जाता है कि बढ़ती असमानता के कारण कहीं भूख स्वतंत्रता पर हावी होने को बेताब हो गई तो?

राष्ट्रकवि स्मृतिशेष रामधारी सिंह 'दिनकर' ने कभी इसी सवाल का जवाब देते हुए लिखा थाः आजादी रोटी नहीं, मगर दोनों में कोई वैर नहीं। पर भूख कहीं बेताब हुई तो आजादी की खैर नहीं। लेकिन स्वतंत्रता को लेकर जैसा स्वप्न संसार रवींद्रनाथ टैगोर अपनी एक कविता में रचते हैं, वह अन्यत्र दुर्लभ हैः जहां उड़ता फिरे मन बेखौफ/और सिर हो शान से उठा हुआ/जहां ज्ञान हो सबके लिए बेरोकटोक बिना शर्त रखा हुआ/जहां घर की चौखट सी छोटी सरहदों में न बंटा हो जहां/जहां सच की गहराइयों से निकले हर बयान/जहां बाजू बिना थके कुछ मुकम्मल तराशें/जहां सही सोच को धुंधला न पाएं उदास मुर्दा रवायतें/जहां दिलो-दिमाग तलाशें नए खयाल और उन्हें अंजाम दें/ऐसी आजादी के स्वर्ग में, ऐ भगवान, मेरे वतन की हो नई सुबह!

हिंदी और भोजपुरी के वैकल्पिक नजरिये से संपन्न कवि गोरख पांडे को भी स्वतंत्रता से कुछ ऐसे ही फल अभीष्ट हैं।'वतन का गीत' में अपने अरमान निकालते हुए उन्होंने लिखा हैः हमारे वतन की नई जिंदगी हो/नई जिंदगी इक मुकम्मल खुशी हो।/नया हो गुलिस्तां नई बुलबुलें हों/मुहब्बत की कोई नई रागिनी हो।/न हो कोई राजा, न हो रंक कोई/सभी हों बराबर सभी आदमी हों। न ही हथकड़ी कोई फसलों को डाले/हमारे दिलों की न सौदागरी हो।/जुबानों पे पाबंदियां हों न कोई/ निगाहों में अपनी नई रोशनी हो/न अश्कों से नम हो किसी का भी दामन/न ही कोई भी कायदा हिटलरी हो। लेकिन अफसोस कि आज हमारी स्वतंत्रता हमारे खिलाफ प्रभुवर्गों का हथियार बना दी गई है, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय सूचकांक उसे आंशिक और लोकतंत्र को लंगड़ा करार दे चुके हैं। फलस्वरूप हालात ऐसे हो चले हैं कि सत्ताधीशों द्वारा एक ओर हमें देश को 'विश्वगुरु' बनाने के सपने (पढ़िएः सब्जबाग) में भरमाया जा रहा है और दूसरी ओर लगातार बढ़ाई जा रही नफरत, उसकी जाई हिंसा, नित्य-प्रति रूप बदलते शोषणों व गैर-बराबरियों के बीच स्वतंत्रता से जुड़े हमारे किसी भी उदात्त सपने या अरमान का कोई पता-ठिकाना नहीं रहने दिया जा रहा। इससे भी बड़ा अनर्थ यह कि हमारे प्रजा से नागरिक बनने की प्रक्रिया को उलट दिया गया है और हमारे बीच के अनेक लोग फिर से प्रजा बनकर आनंदित होने लगे हैं। *(साभार- दवायर)*

बहुरंग

# 'टाइगर 3' में दिखेगा हॉलीवुड का कनेक्शन



सलमान खान की 'टाइगर 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। जासूसी एक्शन फिल्म में इस बार हॉलीवुड का टच दिखाई देगा। इस फिल्मन के साथ 'ओपेनहाइमर' बनाने वाले हॉलीवुड फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन जुड़ गए हैं।

प्रोडक्शन बैनर यशराज फिल्म्स के साथ हॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर मार्क स्किजाक भी जुड़ गए है। मार्क ने पहले क्रिस्टोफर नोलन के साथ 'डनकर्क' और 'द डार्क नाइट राइजेज' जैसी फिल्मोंक में काम किया है। एक सूत्र ने बताया, "वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स हमारे देश की सबसे शानदार फ्रेंचाइजी है। इस यूनिवर्स ने हमेशा लोगों की कल्पना पर जीत हासिल की है।

लेकिन जब आप टाइगर, पठान और वॉर के साथ ऐसा ट्राई करते है तो लोगों की उम्मीदें स्वाभाविक रूप से आसमान छू जाती हैं। वे देखना चाहते हैं कि उनके लिए क्या नया पेश किया जा रहा है। वाईआरएफ हर फिल्म के साथ ऊपर उठकर काम करता है। सूत्र ने आगे कहा, अगर आप 'टाइगर 3' में एक्शन निर्देशकों की लाइन-अप को देखेंगे, तो आपको एहसास होगा कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक मनीष शर्मा ऐसा करने का इरादा रखते हैं। वे दर्शकों को एक धमाकेदार एक्शन देना चाहते हैं।

हॉलीवुड भी अब इस फिल्म का हिस्सा हैं। मार्क स्किजेक पहले क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम कर चुके हैं। नोलन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

दिलचस्प

# 250 करोड़ क्लब में शामिल हुई गदर 2



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 , 250 करोड़ क्लब में शामिल हो गयी है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। 'गदरः एक प्रेम कथा' में सनी देओल (तारा सिंह) और अमीषा पटेल (सकीना) की जोड़ी ने फैंस के दिलों में अपनी खास जगह बनाई थी।

'गदर 2'में भी दर्शकों ने इस जोड़ी को प्यार दिया है। 'गदर 2' पहले दिन से ही ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर बंपर कलेक्शन कर रही है। 'गदर 2' को रिलीज हुए 6 दिन पूरे हो गए है। इस फिल्म ने 6वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है। सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर छह दिनों में 260 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है।इसी के साथ गदर-2, पठान के बाद 2023 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। 'गदर 2 ,में सनी और अमीषा के साथ उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कोर, लव सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# सिर्फ 14 महीने तक चली ब्रिटनी और सैम की शादी



हॉलीवुड सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर से चर्चा में हैं। पॉप स्टार के पति सैम असगरी ने शादी के महज 14 महीने बाद अपने मतभेदों को लेकर तलाक के लिए अर्जी दी है। रिपोर्ट के अनुसार सैम ने आरोप लगाया है कि ब्रिटनी स्पीयर्स ने उन्हें धोखा दिया। अलग हो चुके जोड़े ने अधिकांश विवरण गुप्त रखे हैं। लेकिन कथित तौर पर दोनों के बीच भारी झगड़ा हुआ जिसके बाद सैम ने तलाक के लिए फाइल करने का फैसला किया। टीएमजेड ने आगे बताया कि सैम, ब्रिटनी स्पीयर्स के वकील की फीस का भुगतान करने के लिए कह रहा है। लेकिन उनकी फाइलिंग में कहा गया है कि उन्होंने अभी तक संपत्ति, परिसंपत्तियों और दायित्वों का निर्धारण नहीं किया है। शादी के बाद से ही इस जोड़े के बीच कुछ गहरी परेशानी चल रही है। शादी के बाद सैम और ब्रिटनी में कुछ ठीक नहीं था। अक्सर दोनों में झगड़े होते थे, जिसमें चिल्लाना, अपमान करना और मारना भी शामिल है। सैम ने कहा कि 28 जुलाई, 2023 को तलाक हो चुका है। तलाक को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। दोनों सितारों ने अब आगे साथ रहने से इनकार कर दिया है।

# अबकी बार क्षत्रियों की सरकार मुख्यतव क्षत्रियों की विधानसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को लेकर भोपाल में होगा क्षत्रियों का महापड़ावः राज शेखावत

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत एवं मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने संस्कृति गार्डन में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सत्ता में ज्यादा से ज्यादा क्षत्रियों की भागीदारी, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड,सवर्ण आयोग और सनातन बोर्ड का गठन, ईडब्ल्यूएस की विसंगतियों को दूर करना,गौ हत्या रोकने हेतु कड़े कानून, एट्रोसिटी का दुरुपयोग रोकने हेतु कडे कानून और प्रोत्साहन राशि वितरण रोकना, आरक्षण में क्रिमिलेयर का प्रावधान और समीक्षा, लव और लैंड जिहाद को लेकर होगी सरकार से दो टूक बात मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावो में राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टीयो द्वारा क्षत्रियों की सत्ता में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड/सवर्ण आयोग/सनातन बोर्ड का गठन, लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरुद्ध कानून और गौ हत्या मुक्त मध्य प्रदेश जैसी मांगों को लेकर क्षत्रिय करणी सेना परिवार का भोपाल में महापड़ाव होने जा रहा है। 27 अगस्त 2023 सुबह 10 बजे भोपाल मध्यप्रदेश में होने वाले इस महापड़ाव में देशभर के लाखों क्षत्रिय आएंगे जो अपनी 12 सूत्रीय मांग को लेकर जंगी प्रदर्शन करेंगे। साथ ही देश भर से कई संत महात्मा भी इस महापड़ाव का हिस्सा बनेंगे।

पत्रकार वार्ता में उपरोक्त जानकारी देते



हुए क्षत्रिय करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने बताया कि राजनैतिक पार्टिया सालो से क्षत्रियों की उपेक्षा करती आई है। यह अब नहीं चलेगा इसका बीड़ा क्षत्रिय करणी सेना ने उठाया है और क्षत्रिय करणी सेना परिवार के द्वारा समस्त क्षत्रियों की अध्यक्षता में भोपाल में क्षत्रिय एकता महापड़ाव की तैयारियां की जा रही है। इस महापड़ाव का क्षत्रियों के हितों की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। महापड़ाव का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनावों में क्षत्रियो की ज़्यादा से ज़्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही क्षत्रिय कल्याण बोर्ड और सवर्ण आयोग के गठन की प्रमुख मांग है। वक्फ की तर्ज पर सनातन बोर्ड के गठन की भी मांग इस महापड़ाव में होगी। करणी सेना लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरूद्ध कड़े कानून बनाने साथ ही एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने, आरक्षण मे क्रिमिलेयर का प्रावधान/समीक्षा, महापुरुषों और वीरांगनाओं के इतिहास को संरक्षित करने की मांग उठाई जाएगी। इस आंदोलन के दौरान ईडब्ल्यूएस की विसंगतियों को दूर करने, गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बनाने को लेकर सरकार से दो टूक बात की जाएगी। इन माँगो पर सहमति बना कर ही महापड़ाव की पूर्णाहुति की जाएगी। सहमति नहीं बनने पर चुनावों में क्षत्रियों द्वारा करारा जवाब इन राजनैतिक पार्टियों को दिया जाएगा।वार्ता में अन्य क्षत्रिय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौपा ज्ञापन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** ग्वालियर भिण्ड हाइवे पर रोजाना हो रहे हादसों में हजारों लोगो की जान जा चुकी है ,मात्र 30 फीट के सिंगल रोड को सिक्स लेन हाईवे की मांग को लेकर आज सैमरपुरा तिराहे पर सभी समाज सेवी जनों भूतपूर्व सैनिकों ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समाज सेवी भूतपूर्व सैनिक सुनील फौजी ने बताया आज दोपहर को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को हमारे ग्वालियर भिंड हाईवे बनाओं अभियान के संयोजक भूतपूर्व सरपंच रामलखन दंडोतिया और इंडियन वेटर्न आर्गनाइजेशन के संभागीय अध्यक्ष सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर रिटायर्ड के नेतृत्व में एक सैकड़ा लोगो ने माननीय मंत्री जी को ज्ञापन दिया और हमारे संयोजक ने कहा की हम अपना एक मात्र बेटा इसी रोड पर खो चुके हैं किसी दूसरे का बेटा अब नहीं जा पाए , प्रेस विज्ञप्ति में सुनील फौजी ने कहा पिछले तीन दिनों में ही आधा दर्जन हादसे हो गए हैं

सुनील फौजी ने कहा की हमारे पास मंत्री की गाड़ी से भी बाइक के दुर्घटना होने की सूचना मिली है ,हमे उम्मीद है की मंत्री रास्ते में आते समय हादसा होने और रोड की कम चौड़ाई को अच्छी तरह समझ गए होंगे। हम सभी समाज सेवी इन हजारों हादसों में जाने कितनी जाने कुर्बान कर चुके पर सरकार सुन नहीं रही है,आने वाले दिनों में अगर हमारी बात नही सुनी गई तो हम भिंड जिले के सैकड़ो गांवों में जायेंगे लोगो को बताएंगे की हम सभी लोगो को एकजुट होकर अब बड़े आंदोलन करने पड़ेंगे,आज ज्ञापन देने वालों में आई वी ओ के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर शिव बहादुर सिंह भदौरिया रिटायर्ड,नरेश सिंह भदौरिया, हिरेंद्र प्रताप सिंह पुर, सोनू नरवरिया पुर,बिल्लू यादव नालीपुरा,बिनोद



थापक, भुता परिहार, राघवेंद्र पटेल , सुनील खैमारिया हरराजपुरा,रविकांत पराशर महापुर, जलसिंह लोधी,जय मां पावई वाली भक्त मंडल ग्रुप के महेश शर्मा ,विकास शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा इमलेड़ा,नरेश भदौरिया,मिथुन जमादार, कमल किशोर शर्मा, हवालदार श्रीवास ,श्याम राजपूत महापुर,धर्मवीर राजपूत सहित कई समाज सेवी और भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# कावियों ने समाज में समरसता का सन्देश दिया प्रतिभाओं ने समाज की दशा को दिशा दी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति ने संस्कृति संचालनालय भोपाल के निर्देशन में कवि सम्मेलन एवम मुशायरा आयोजित कर समाज को अनवरत अपने अपनी कार्यशैली से समरसता का सन्देश देते हुए समाजसेवा में लगे हुए पत्रकारिता के छेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए अनिल शर्मा एवं रविन्द्र सिंह कुशवाह को बच्चों के लिए अन्नू तोमर, सुनीता भदौरिया, खेलों में अमित सिंह भदौरिया, योगा के लिए सुनील कौशल, सोनाली अग्रवाल को समाजसेवा में जय श्रीवास्तव, सुनील जैन, सुरेश चंद्र मिश्रा, एवं अन्य छेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे युवाओं को ÷में अभिमन्यु÷के लिए मुख्य अतिथि जिला विधिक प्राधिकरण अधिकारी सौरव दुबे, लोक सेवा प्रबंधन अधिकारी वेदांत, नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक श्री आशुतोष साहू जी के साथ बाल कल्याण समिति प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट शक्ति प्राप्त बोर्ड




प्रहलाद सिंह भदौरिया, प्रेम नारायण बरुआ, श्रीमती सीमा सिंह ने शाल, प्रशिस्त पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में देश भक्ति गीत के साथ मानवीय सोच पर काव्यपाठ किए, कवि महेंद्र मिहोनिवी ने अपनी रचना से लोट पोट किया। कवि महेंद्र मिहोनबी ने यूं कहा, खुद से खुद किनारा करतो नहीं गए हो, ज्यादा शरीफ़ बनते हो डर तो नहीं गए हो, कवि रामकुमार पांडे ने जियो और जीने दो का सन्देश हमारी बातों में, हसरत हयात ने शायरी मोहबत्त शाख ए सदर ढूंढती है, अंजुम मनोहर, कोशलेंद्र कौशल और शशिबाला राजपूत ने नशा, बेटी और ब्रदाश्रम को लेकर रचनाएं पड़ी। खुद से खुद किनारा कर तो नहीं गए हो, ज्यादा शरीफ़ बनते हो डर तो नहीं गए हो । कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवि सुनील दुबे ने किया। कार्यक्रम में योगेश यादव, संजय सिंह यादव, राधेश्याम कुशवाह, जयबुन निशा, अंकित दुबे, संजीव बरुआ की अगुआई में संस्था प्रमुख हिम्मत सिंह सचिव पुष्पा दुबे ने आभार व्यक्त करते हुए संस्था की गतिविधियों के बारे मे प्रकाश डाला।

# आसमान से गिरा चमकता गोलाः खेत में हुआ गहरा गड्डा, दहशत में ग्रामीण





ग्वालियर। भितरवार एवं बेलगढा थाना क्षेत्र में चार स्थानों पर सेटेलाइट के हाइड्रोजन फयूल के टेंक आसमान से नीचे गिर गये। उक्त सेटेलाइट से संबंधित टुकडे शिवपुरी जिले में भी तीन स्थानों पर गिरे हैं। उक्त टुकडे गिरने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई । बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को उक्त टुकडों से दूर रहने की हिदायत दी। बाद में मौके पर पहुंची बम डिस्पोजल टीम ने बताया कि संभवतः यह सेटेलाइट के टुकडे हो सकते हैं। उक्त टुकडों को निष्क्रय कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर में लगभग पौने दो बजे आसमान से चमकदार गोलाकार कोई वस्तु नीचे भितरवार थाना क्षेत्र के जौरा श्यामपुर सहित लगभग तीन गांवों के खेतों में गिरी7 वहीं बेलगढा थाना क्षेत्र के एक गांव में भी उक्त टुकडे गिरे होने की सूचना मिली। ग्रामीणों का कहना है कि यह गोलाकार वस्तु आसमान से घूमती हुई खेत में आकर गिरी। इसके बाद घूमते हुए ही दूसरी जगह पहुंच गई। पूरन आदिवासी नाम के किसान के खेत में आकाश से चमकती हुई वस्तु गिरी। खेत में काम कर रहे लोग डरकर दूर हट गए। ग्रामीणों ने बताया, %यह गोलाकार वस्तु 50 किलो से अधिक वजन की है। इसे देखने ब?ी संख्या में लोग खेतों में पहुंच गए। जिन्हें थाना प्रभारी रमाकांत उपाध्याय ने गोले से दूर हटाया। भितरवार एसडीएम डीएन सिंह भी जौरा श्यामपुर गांव पहुंचे।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने बम डिस्पोजल टीम को मौके पर बुलाया। बम डिस्पोजल टीम उक्त टुकडों को निष्क्रय कर अपने साथ ले आई। सूत्रों ने बताया कि उक्त टुकडे शिवपुरी में भी तीन स्थानों पर गिरने की सूचना मिली है। फिलहाल उक्त टुकडों की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम से परीक्षण का इंतजार कर रहे हैं।

# स्वरोजगारमूलक योजनाओं के प्रति ढिलाई मिलने पर कलेक्टर हुए सख्त

ग्वालियर। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को ऋण-अनुदान वितरण की धीमी प्रगति पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित बैंकों के प्रबंधकों एवं विभागीय अधिकारियों को अप्रसन्नता पत्र लिखकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह डीएलसीसी (जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समीक्षा समिति) की बैठक में पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं संत रविदास योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य स्वरोजगारमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

शुक्रवार को यहाँ जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में बैठक में जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार सहित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व नाबार्ड के प्रतिनिधि, लीड बैंक अधिकारी, विभिन्न बैंकों के समन्वयक और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा



कि अगली डीएलसीसी की बैठक से पहले यदि योजनाओं की प्रगति ठीक नहीं हुई तो सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बैंकों द्वारा स्वरोजगारमूलक योजनाओं में रूचि नहीं ली जा रही है उनको कलेक्टर की ओर से पत्र लिखवाएँ और इसकी सूचना बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों को दें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने बैंकवार सीडी रेशियो (ऋण-जमा अनुपात) की समीक्षा के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईडीबीआई और यूबीआई की स्थिति ठीक न होने पर चिंता व्यक्त की और इसे सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने लाड़ली बहना योजना में सहयोग के लिये सभी बैंकों के प्रति धन्यवाद भी व्यक्त किया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक में मौजूद विभिन्न बैंकों के समन्वयकों को आगाह करते हुए कहा कि वे सीएम हैल्पलाइन सहित राज्य शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को अपना मूल काम समझें। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मत्स्य पालन के लिये मछुआ हितग्राहियों को तत्परता से ऋण वितरण करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाना बैंकर्स की नैतिक जिम्मेदारी भी है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव के लिये सभी बैंक अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों का डाटा शनिवार 19 अगस्त तक अपडेट कर दें। इसमें ढिलाई होने पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# जल जीवन मिशन के तहत प्राप्त कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध करें कार्रवाई : मुख्य अभियंता



**ग्वालियर।** जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात 25 प्रतिशत तक की प्रगति करने वाले ठेकेदारों का अनुबंध समाप्त कर ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जायेगी। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आर एल एस मौर्य की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मुख्य अभियंता कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के साथ ही विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य अभियंता आर एल एस मौर्य ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन ठेकेदारों ने एक वर्ष की अवधि के पश्चात भी 25 प्रतिशत तक प्रगति नहीं की है उनके अनुबंध समाप्त कर एक वर्ष के लिये ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत नल जल योजनाओं में प्रमुखता से स्त्रोत निर्माण कर जल गुणवत्ता तथा नलकूप की आवक क्षमता के साथ ही विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने की कार्रवाई की जाए। प्रत्येक जिले में स्थापित पेयजल स्त्रोतों की जियो टैगिंग तथा उसकी गुणवत्ता परीक्षण का कार्य भी अनिवार्यत~ किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिलों में संचालित समस्त जल प्रदाय योजना शासन द्वारा निर्धारित एफएसटीसी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करने के साथ ही ऐसी जल प्रदाय योजना जिसमें रोड रेस्टोरेशन का कार्य शेष रहा है उसे आगामी सात दिन में पूर्ण कराया जाए। वर्षा के मौसम में पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिये आवश्यकतानुसार प्लेटफॉर्म निर्माण तथा प्रत्येक स्त्रोत में शुद्धिकरण हेतु उपयुक्त रसायन का उपयोग किया जाए। प्रत्येक जिले में प्रयोगशालाओं में एलएबीएल के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार रसायन तथा मानव संसाधनों की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री सुनिश्चित करें। इसके अभाव में प्रयोगशाला में काम की क्षमता पर विपरीत प्रभाव न पड़े। शासन द्वारा निर्धारित प्रत्येक महापरीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे शतप्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। मुख्य अभियंता मौर्य ने बैठक में यह भी निर्देशित किया है कि प्रत्येक जिले में जल गुणवत्ता के लिये संयुक्त टीम बनाकर प्रत्येक ग्राम में जल गुणवत्ता का परीक्षण / निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों तथा आम जनों से पेयजल बचत के संबंध में चर्चा और जनजागृति का काम भी किया जाए। समीक्षा बैठक में सीएम हैल्पलाइन की विस्तार से समीक्षा की गई। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सीएम हैल्पलाइन में सी-ग्रेड आने वाले समस्त जिलों के कार्यपालन यंत्रियों से स्पष्टीकरण भी प्राप्त किया जाए। इसके साथ ही सभी अधिकारी अपने जिले की ग्रेडिंग सुधारने की दिशा में सार्थक प्रयास करें। भविष्य में ऐसे कार्यपालन यंत्री जिनकी ग्रेड-सी प्राप्त होगी उनके विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा। बैठक में ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग के जिलों से आए अधिकारियों ने अपने-अपने जिले की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अधीक्षण यंत्री सागर व्ही के तिवारी, अधीक्षण यंत्री ग्वालियर व्ही के छारी, अधीक्षण यंत्री चंबल संभाग आर के सिंह, कार्यपालन यंत्री मुरैना संजीव गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्योपुर शुभम अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री गुना एम एस भटनागर, कार्यपालन यंत्री अशोकनगर नवल सिंह भूरिया, कार्यपालन यंत्री दतिया अनिल लगरखा, कार्यपालन यंत्री टीकमगढ़ जितेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री खुरई जे पी लहारिया, कार्यपालन यंत्री छतरपुर संजय कुमरे, कार्यपालन यंत्री निवाड़ी एम पी सिंह, कार्यपालन यंत्री दमोह गंगा सिंह रावत, कार्यपालन यंत्री मैकेनिकल ग्वालियर नितिन राठौर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478